आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,गुरुवार 4 दिसंबर 2025 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-14 ■ वर्ष -41 ■ अंक-245 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 5 दिसंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये


# लोहा कारोबारियों के 40 ठिकानों पर आयकर का छापा

**रायपुर,4 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

राजधानी में गुरुवार सुबह आयकर विभाग ने लोहा कारोबारियों और उनसे जुड़े जमीन कारोबारियों के ठिकानों पर एक साथ बड़ी दबिश दी। जानकारी के अनुसार 2 से 3 प्रमुख कारोबारियों के घर, ऑफिस और प्लांट समेत कुल 40 से 50 ठिकानों पर आयकर की टीमों ने छापेमारी शुरू की है। कार्रवाई में ओम स्पंज, देवी स्पंज और हिंदुस्तान कॉइल के संचालकों के परिसर भी शामिल हैं। आयकर विभाग की टीमों के साथ सुरक्षा के लिए 100 से ज्यादा सीआरपीएफ जवानों की तैनाती की गई है। टीमों ने फाइनेंशियल रिकॉर्ड, जमीन सौदों से जुड़े दस्तावेज और ट्रांजैक्शन की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई टैक्स चोरी और अनियमितताओं की शिकायतों के आधार पर की गई है। शहर में फैले सभी ठिकानों पर दबिश एक साथ शुरू की गई, जिससे किसी भी तरह के सबूत नष्ट न किए जा सकें। सुबह से ही कारोबारी



इलाकों और औद्योगिक क्षेत्रों में हलचल बढ़ गई है। आयकर अधिकारी कंप्यूटर हार्ड डिस्क, लेनदेन रजिस्टर और संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों की जांच में जुटे हुए हैं। कार्रवाई अभी भी जारी है और आयकर विभाग ने आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। छापेमारी के बाद मिलने वाले दस्तावेजों और डिजिटल डेटा की जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। कारोबारियों के नाम विकास अग्रवाल,विपिन अग्रवाल तथा अरविंद अग्रवाल है।


# अदालत में कैदी को 55 तारीखों पर पेश नहीं किया, सुको नाराज

**नई दिल्ली ,4 दिसंबर।** महाराष्ट्र पुलिस द्वारा एक विचाराधीन कैदी को 85 तारीखों में से 55 तारीखों पर निचली अदालत में पेश नहीं किए जाने पर नाराजगी जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के कारागार महानिदेशक को जांच का आदेश दिया है और इसकी रिपोर्ट पेश करने को कहा है। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्ला और प्रशांत कुमार मिश्र की पीठ ने हत्या के प्रयास के एक मामले में आरोपित शशि उर्फ शाही चिकना विवेकानंद जुरमानी को जमानत दे दी, लेकिन इस तथ्य पर गंभीरता से विचार किया कि मुकदमा चलने के बावजूद उसे अदालत द्वारा दी गई 85 तारीखों में से 55 तारीखों पर अदालत में पेश नहीं किया गया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुईं वकील सना रईस खान ने दलील दी कि उनके मुवक्किल पर पीड़ित को चाकू से गोदने का आरोप है, जैसा कि गवाह द्वारा दर्ज कराई गई एफआइआर में बताया गया है। हालांकि, दो महीने बाद मरने वाले पीड़ित ने बयान दिया था कि याचिकाकर्ता ने उस पर लात-घूंसों से हमला किया था। इस तरह का विरोधाभास आरोप को झूठा साबित करता है। पीठ ने कहा कि हम राज्य के अधिकारियों के रवैये से स्तब्ध हैं। किसी अभियुक्त को अदालत में पेश करना न सिर्फ त्वरित सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए है, बल्कि यह एक सुरक्षा उपाय भी है, ताकि कैदी के साथ दुर्व्यवहार न हो। हमें लगता है कि इस मूलभूत सुरक्षा उपाय का गंभीर उल्लंघन हुआ है। यह भयावह और चौंकाने वाला है। हम इसकी निंदा करते हैं।

## संक्षेप

### रायपुर में ब्रिटिश नागरिक की संदिग्ध मौत

**रायपुर, 4 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक ब्रिटिश नागरिक की



संदिग्ध मौत ने स्वास्थ्य व्यवस्था, पुलिस की कार्यप्रणाली और प्रशासनिक संवेदनशीलता पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतक डॉ. कृष्ण कुमार, उम्र 80 वर्ष, ब्रिटेन सरकार में लंबे समय तक चिकित्सकीय सेवाएँ देने के बाद रिटायर हुए थे। पिछले दिनों वे रायपुर के पचपेड़ी नाका चौक स्थित एक निजी अस्पताल में इलाजरत थे। भोपाल में उनकी अचानक तबीयत बिगड़ी और बिना किसी परिजनों दिए एक महिला उन्हें रायपुर लाकर निजी हॉस्पिटल में एडमिट करा दी और आखिर दिन तक किसी को सूचना नहीं दी। इस बीच संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिसके बाद से परिवारजन सदमे और आक्रोश में हैं।वहीं, दिल्ली से रायपुर पहुँचे स्वर्गीय डॉ. कृष्ण कुमार के परिवारजनों ने न्यू राजेंद्र नगर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। इसमें परिवार ने मौत को संदिग्ध बताया और पोस्टमार्टम की मांग की, ताकि असल सच्चाई सामने आ सके। लेकिन पूरा दिन बीत जाने के बाद भी न तो पुलिस ने कार्रवाई की, न ही अस्पताल प्रबंधन ने कोई स्पष्ट जवाब दिया।

### कबाड़ी संचालक ने लोहे की रॉड से वर्करों पर किया प्राणघातक हमला

**गंडई-पंडरिया,4दिसंबर।** गंडई नगर में एक अमानवीय कृत्य सामने आयी है. जिसने लोगों के मन में आक्रोश और भय पैदा कर दिया है. कबाड़ी वर्करों का किसी अन्य कबाड़ी में जाकर कार्य करना सल्लू कबाड़ी संचालक को इतना नागवर गुजरा की उसने पांच वर्करों की लोहे की राड से ताबड़तोड़ पिटाई कर दी. पिटाई से किसी का हाथ टूटा है तो किसी का जबड़ा सूज गया है और किसी को अंदरूनी चोंटे आयी है. प्रार्थियों ने घटना की रिपोर्ट गंडई थाने में दर्ज कराया है. इन मजदूरों का गुनाह सिर्फ इतना था कि सल्लू कबाड़ में एक सप्ताह तक काम बंद होने के कारण वे छुईखदान के किसी अन्य कबाड़ी दुकान में काम करने चले गये थे. इससे नाराज होकर सल्लू कबाड़ी के संचालक शबाब मेमन ने घटना को अंजाम दिया है.

### जिहादी कोर्स में 5 हजार महिलाओं की भर्ती, सुसाइड मिशन की ट्रेनिंग

**करांची,4 दिसंबर।** बीते मई महीने में भारत के ऑपरेशन सिंदूर में अपना सबकुछ गंवाने वाले आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सरगना ने हाल ही में जैश की महिला विंग को लेकर कई राज उगले हैं। मसूद अजहर ने दावा किया है कि इस महिला विंग में अब तक 5,000 महिलाओं की भर्ती हो चुकी है। मसूद अजहर के मुताबिक इन महिलाओं को कथित तौर पर सुसाइड मिशन के लिए ट्रेनिंग दी जा रहा है। इससे पहले आतंकी मसूद अजहर ने अक्टूबर में जैश की महिला ब्रिगेड, जमात-उल-मोमिनात तैयार करने की घोषणा की थी। जानकारी के मुताबिक इसकी जिम्मेदारी मसूद अजहर की बहन सईदा संभाल रही है। मसूद अजहर ने हाल ही में एक सोशल मीडिया पोस्ट में खुलासा किया है कि जमात-उल-मोमिनात का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। मसूद अजहर ने बताया कि पिछले कुछ हफ्तों में 5,000 से अधिक महिलाएं इस समूह में शामिल हो चुकी हैं।

# सर्चिंग में मिले नक्सलियों के 4 और शव



**जगदलपुर,4 दिसंबर।** बीजापुर के गंगालूर इलाके में बुधवार को सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में बड़ी सफलता मिली है। पहले 12 माओवादियों के मारे जाने की पुष्टि की गई थी, लेकिन सर्चिंग आगे बढ़ने के बाद अब यह संख्या बढ़कर 16 हो गई है। सुरक्षाबलों को आज 4 और माओवादियों के शव मिले हैं। इसकी आधिकारिक पुष्टि डीआईजी कमलोचन कश्यप ने की है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 20 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। इस मुठभेड़ में डीआरजी के 3 जवान शहीद हुए हैं, जिनमें प्रधान आरक्षक मोनू वडाड़ी, आरक्षक दुकारू गोंडे और जवान रमेश सोड़ी शामिल हैं। वहीं डीआरजी के दो जवान घायल हुए हैं, हालांकि दोनों अब खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। सभी शवों को कब्जे में ले लिया गया है। इलाके में अभी भी बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन जारी है और अतिरिक्त फोर्स को तैनात किया गया है।

## मुख्यमंत्री ने मुठभेड़ में शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बिलासपुर के अटल बिहारी बाजपेई विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में शमिल होने के लिए रायपुर से रवाना हो गए हैं। रवानगी से पहले एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का सौभाग्य है कि दीक्षांत समारोह में देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद मुख्य अतिथि हैं और राज्यपाल भी उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री साय ने बीजापुर में हुई नक्सली मुठभेड़ में जवानों की शहादत और ऑपरेशन में मिली सफलता पर कहा कि लगातार ऑपरेशन हो रहे हैं, हमारे जवान मजबूती के साथ नक्सलवाद के खिलाफ लड़ रहे हैं। कल ऑपरेशन में डीआरजी के तीन जवान शहीद हुए हैं। हम उनको विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, उनके साहस को नमन करते हैं और उनके परिवार को इस शोक को सहने की भगवान शक्ति प्रदान करें ऐसी प्रार्थना करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस मुठभेड़ में बड़ी सफलता मिली है, बड़ी संख्या में नक्सली न्यूट्रलाइज हुए हैं।वहीं उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि बीजापुर में ऑपरेशन के दौरान 16 नक्सली मारे गए हैं। बहादुर जवानों ने ऑपरेशन को अंजाम दिया।

# शराब घोटाला : सुप्रीम कोर्ट ने टुटेजा की याचिका पर केंद्र, सीबीआई और ईडी से माँगा जवाब

**नई दिल्ली,4 दिसंबर।** उच्चतम न्यायालय ने छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार किए गए पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा की याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार, सीबीआई , ईडी और छत्तीसगढ़ सरकार से जवाब मांगा है। टुटेजा ने विभिन्न जांच एजेंसियों द्वारा दर्ज 11 एफआईआर में दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण देने की मांग की है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति एन.के. सिंह की पीठ ने टुटेजा की ओर से पेश हुए वकील अर्शदीप सिंह खुराना और मलक भट्ट की दलीलों को सुनने के बाद सभी पक्षों को नोटिस जारी किया। टुटेजा ने अपनी याचिका में सिर्फ ईडी और सीबीआई ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो , केंद्रीय वित्त मंत्रालय और आयकर विभाग को भी पक्षकार बनाया है। उनका कहना है कि अलग-अलग एजेंसियों द्वारा दर्ज कई मामलों में एक साथ कार्रवाई उन्हें अनुचित उत्पीड़न की स्थिति में डाल रही है। पूर्व आईएएस अधिकारी ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के 27 जून के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें हाई कोर्ट ने उन्हें गिरफ्तारी से सुरक्षा देने से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट में दायर



अपील में टुटेजा ने तर्क दिया कि उनके खिलाफ कार्रवाई राजनीतिक प्रतिशोध का परिणाम है। टुटेजा ने दावा किया कि उन्होंने एनएएन (नागरिक आपूर्ति निगम) घोटाले में दोष स्वीकार करने से इनकार किया था, और 2013–2018 के बीच तत्कालीन सत्तारूढ़ दल के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ जांच की मांग की थी।इस कारण, उनके अनुसार, 2015 से उन्हें व्यवस्थित रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है और शराब नीति से जुड़े मामलों में उन्हें बार-बार घसीटा जा रहा है। शीर्ष अदालत ने फिलहाल मामले पर कोई अंतरिम राहत या रोक नहीं लगाई है, लेकिन जवाब दाखिल होने के बाद यह स्पष्ट होगा कि टुटेजा को गिरफ्तारी से सुरक्षा मिलेगी या नहीं।

# मोमोज खाने से 20 से ज्यादा लोग बीमार

**धमतरी, 4 दिसंबर।** छत्तीसगढ के धमतरी जिले में मोमोज खाने से कई लोग बीमार हो गए हैं। बीमार लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। सभी को पेट दर्द समेत कई तरह की दिक्कतें हो रही हैं। जिसके बाद उनको अस्पताल में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार, 29 नवंबर से 3 दिसंबर के बीच करीब 20 से ज्यादा



लोगों की तबियत खराब हो गई है। सभी का इलाज चल रहा है।

**पेट दर्द और उल्टी की शिकायत**-जानकारी के अनुसार, मोमोज खाने के बाद सभी को पेट दर्द और उल्टी की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामला जिले के मगरलोड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का है। लोगों के बीमार होने की जानकारी मिलते ही सभी को अस्पताल में भर्ती किया गया है। डॉक्टरों के अनुसार, अभी कई लोगों का इलाज जारी है। लेटर में लिखा है कि मोमोज खाने के बाद जो लोग बीमार हुए थे उनमें से 18 साल से कम उम्र के 13 लोग शामिल हैं। मोमोज खाने से 18 साल के ऊपर के 5 लोग बीमार हैं। इन सभी लोगों ने 29 नवंबर से 2 दिसंबर के बीच में मोमोज खाया था उसके बाद इनकी तबियत बिगड़ी थी। जिन लोगों की तबियत खराब है उनको मगरलोड इलाके के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने लेटर में बताया है कि दुकानदार को मौखिक रूप से मोमोज बेचने से मना कर दिया गया है।

**मेघा चौक में लगाता है दुकान**-लेटर में बताया गया है कि मोमोज की दुकान मेघा चौक में बैंक के पास लगाता था। फिलहाल इस मामले में पुलिस की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जो लोग बीमार हुए हैं उनमें कई गांव के लोग शामिल हैं। धमतरी जिले में इससे पहले भी मोमोज खाने से लोगों की तबियत बिगड़ने का मामला सामने आया था। बीते साल भी सितंबर के महीने में मोमोज खाने से 10 लोगों की तबियत खराब हो गई थी। उन सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था।

# हवाई अड्डों पर हाहाकार, एक के बाद एक इंडिगो की कई उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली,4 दिसंबर।** घरेलू विमानन कंपनी इंडिगो ने बृहस्पतिवार को तीन प्रमुख हवाई अड्डों से 180 से अधिक उड़ानें रद्द कर दीं। गुरुग्राम स्थित एयरलाइन, अपने पायलटों के लिए उड़ान-ड्यूटी और आराम अवधि के नए नियमों के मद्देनजर अपनी उड़ानों के संचालन के लिए जरूरी चालक दल सदस्यों की व्यवस्था करने को लेकर जूझ रही है। एक सूत्र ने कहा- इंडिगो ने बृहस्पतिवार को तीन हवाई अड्डों...मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु.... से 180 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दीं।' मुंबई हवाई अड्डे पर रद्द होने वाली उड़ानों की संख्या दिन भर में 86 (41 आगमन और 45 प्रस्थान) रही। वहीं बेंगलुरु में 41 आगमन उड़ानों सहित 73 उड़ानें रद्द की गईं।इसके अलावा, बृहस्पतिवार के लिए दिल्ली हवाई अड्डे पर 33 उड़ानें रद्द की गईं। सूत्र ने कहा, ''दिन चढ़ने के साथ रद्द होने वाली उड़ानों की संख्या और बढ़ने की आशंका है।' एयरलाइन



का ऑन-टाइम परफॉर्मेंस (ओटीपी) छह प्रमुख हवाई अड्डों... दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद... पर तीन दिसंबर को 19.7 प्रतिशत तक गिर गया, क्योंकि उसे अपनी सेवाओं के संचालन के लिए आवश्यक चालक दल जुटाने को लेकर जूझना पड़ रहा है। यह दो दिसंबर के आंकड़े से लगभग आधे से कम है। उस समय यह 35 प्रतिशत था।कई कारणों के एक साथ टकराने से इंडिगो की समय-सारिणी अचानक धराशायी हो गई। इन कारणों में प्रमुख हैं- क्रू की भारी कमी, नए ड्यूटी-टाइम नियम, तकनीकी खामियां आदि। आइए इसे विस्तार से समझते हैं।



*बिलासपुर। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय चकरभाठा स्थित बिलासा देवी एयरपोर्ट पहुंचे। वे अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए यहां आए हैं।*

# साहस और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है नौसेना: मोदी

**नई दिल्ली,4 दिसंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नौसेना दिवस के अवसर पर सभी भारतीय नौसेना कर्मियों को बधाई दी और नौसेना की बढ़ती आत्मनिर्भरता, दृढ़ संकल्प और देश की समुद्री सीमाओं की रक्षा करने के साहस की सराहना की। भारतीय नौसेना की उपलब्धियों और राष्ट्रीय सुरक्षा में इसके योगदान के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 4 दिसंबर को नौसेना दिवस मनाया जाता है। यह दिन 1971 के युद्ध में नौसेना की सफलता का प्रतीक है, जब ऑपरेशन ट्राइडेंट के तहत भारतीय सेना ने पीएनएस खैबर सहित चार पाकिस्तानी जहाजों को डुबोकर पाकिस्तानी नौसेना को करारा झटका दिया था। एक्स पर एक पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय नौसेना के सभी कर्मियों को नौसेना दिवस की शुभकामनाएँ। हमारी नौसेना असाधारण साहस और दृढ़ संकल्प का पर्याय है। वे हमारे तटों की रक्षा करते हैं और हमारे समुद्री हितों को बनाए रखते हैं। हाल के वर्षों में, हमारी नौसेना ने आत्मनिर्भरता और आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया है। इससे हमारी सुरक्षा व्यवस्था मज़बूत हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस साल की दिवाली की यादें उन्हें हमेशा याद रहेंगी, जो उन्होंने स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर नौसेना कर्मियों के साथ बिताई थीं। उन्होंने कहा, ''भारतीय नौसेना को उनके आगामी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।'' एक वीडियो संदेश में, प्रधानमंत्री ने देश की समुद्री सीमाओं और आर्थिक जीवनरेखाओं की सुरक्षा में नौसेना की महत्वपूर्ण भूमिका को



रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि समुद्र में, हमारी नौसेना देश की समुद्री सीमाओं और वाणिज्यिक हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। चाहे वह अपतटीय पेट्रोल पोत हों, पनडुब्बी हों या विमानवाहक पोत। आज, भारतीय नौसेना की ताकत तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने वैश्विक भलाई के लिए शक्ति का उपयोग करने की भारत की दीर्घकालिक परंपरा पर ज़ोर देते हुए कहा कि भारत की परंपरा शक्ति और सामर्थ्य की रही है। हमारा ज्ञान, हमारी शक्ति और हमारी ताकत मानवता की सेवा और मानवता की सुरक्षा के लिए है। आज, जब देश की आर्थिक व्यवस्था परस्पर जुड़ी दुनिया और प्रगतिशील समुद्री सीमाओं पर निर्भर है, भारत की नौसेना वैश्विक स्थिरता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# अंजू पांडेय ने संतोष वर्मा की अशोभनीय टिप्पणी पर थाने में ज्ञापन सौंप एफआईआर दर्ज करने की मांग की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 4 दिसम्बर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज की महिला प्रकोष्ठ की अंजू पांडेय प्रदेशाध्यक्ष के नेतृत्व में तिल्दा नेवरा थाने में महिला प्रकोष्ठ पदाधिकारियो ने तिल्दा नगर थाने में पहुंचकर आज ज्ञापन सौंपा और मप्र. में तैनात आईएएस उच्चअधिकारी संतोष वर्मा अधिकारी ने ब्राहमण समाज के विरुद्ध की गई अनैतिक, विवादित टिप्पणी को लेकर ब्राह्मण समाज में रोष व्याप्त है, वायरल वीडियो एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित उक्त बयान जबतक ब्राह्मण मेरे बेट को अपनी बेटी दान में दे या उससे सबंध स्थापित करे 'उक्त अशोभनीय टिप्पणी की कटू आलोचना की उन्होंने कहा कि यह निंदनीय कृत्य ही नहीं वरन उच्च पद की गरिमा को भंग किया है तथा कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की मांग करते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

एक उच्च पदासीन अधिकारी केद्वारा मानसिक दिवालियेपन असामाजिक, अनैतिक टिप्पणी से हम ब्राह्मण बिटिया आहत हुई इसकी कड़ी निंदा करती एबीबीईपी महिला प्रकोष्ठ हर प्रांत हर जिला ब्लाक से आवाज उठाकर, सम्मान की रक्षा करने की मांग करती है। क्षेत्र के मीडिया प्रतिनिधि ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ सत्य सनातन धर्म परिषद के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने सामाजिक आवाज में विप्र बहनों के सम्मान अनर्गल बयान देने वाले आई ए एस संतोष वर्मा के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की।



मंडल अध्यक्ष ने कहा विप्र सम्मान की बात जब उठे तो हम शास्त्र के साथ शस्त्र भी उठा सकते है। शर्मा ने कहा उक्त अधिकारी का डीएनए टेस्ट होना चाहिए कारण उसकी मानसिकता मुस्लिम पाकिस्तानी प्रवृत्ति की है साथ ही यह भी कहा कि संतोष वर्मा ने समाज को आहत किया है छत्तीसगढ़ के सभी ब्राह्मणों को आवाज उठानी चाहिए पंडित मंजू जीतू तिवारी ने शासन से न्याय की अपील करते हुए विवादित बयान बाजी करनेवाले अफसर के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

मप्र में हुई घटना पर आज तिल्दा नगर थाना मे अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद की प्रदेशाध्यक्षपं अंजू पाण्डेय पं मंजू जीतू तिवारी उपाध्यक्ष, पंमंजुशिवतिवारी अधिवक्ता प्रिंट मीडिया से, पं अजय तिवारी मंडल अध्यक्ष, मनोज वार्ड पार्षद ईश्वर यादव अध्यक्ष अचला शर्मा पंबसंती, दीक्षित नीतू शर्मा अनिता अंजना दुबे, सुधा शर्मा मढ़ी, ने ब्लॉक तिल्दा की सभी कार्यकारिणी टीम ज्ञापन सौप विरोध प्रकट किये।

## समाचार संक्षेप

### पारदर्शी धान खरीदी और उपार्जन केंद्र में बेहतर व्यवस्था के लिए शासन-प्रशासन का किसानों जताया आभार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 4 दिसम्बर।** जिले के ग्राम भरसेली के कृषक देवनाथ वैष्णव ने उपार्जन केंद्र भरसेली में 153 कट्टा धान विक्रय कर खरीदी प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। उनके पास कुल पौने तीन एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें वे पारंपरिक पद्धति के साथ आधुनिक कृषि तकनीकों का उपयोग करते हुए खेती करते हैं।

धान खरीदी के लिए उन्होंने ऑनलाइन मोबाइल टोकन का उपयोग किया, जिससे उन्हें केंद्र में सहज, निर्धारित समय पर वजन कराने में सुविधा मिली। उन्होंने बताया कि डिजिटल टोकन व्यवस्था से किसानों का समय बच रहा है और खरीदी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी व सरल हुई है। धान विक्रय के उपरांत प्राप्त राशि के संबंध में किसान वैष्णव ने बताया कि वे इस धनराशि का उपयोग अपने खेत के संरक्षण, सुदृढ़ीकरण एवं व्यवस्थित खेत निर्माण में करेंगे, जिससे आगामी वर्ष में उत्पादन क्षमता बढ़ाई जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसानों के लिए संचालित योजनाएँ तथा उपार्जन व्यवस्था कृषि क्षेत्र को मजबूत बना रही हैं।

उन्होंने उपार्जन केंद्र में किसानों के लिए उपलब्ध छाया, पानी, बैठने की व्यवस्था, त्वरित तुलाई और कर्मचारियों के सहयोगपूर्ण व्यवहार की प्रशंसा करते हुए कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए प्रशासन द्वारा किए गए प्रयास उल्लेखनीय हैं।

किसान देवनाथ वैष्णव ने अंत में शासन एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पारदर्शी धान खरीदी प्रणाली, सुगम प्रबंधन और किसान हितैषी व्यवस्था के कारण किसानों का विश्वास और उत्साह बढ़ा है।

### उपभोक्ता आयोग ने दिलाई बीमा क्षतिपूर्ति राशि, प्रार्थी ने जताया आभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 4 दिसम्बर।** बीमा कंपनी द्वारा स्टॉक की क्षतिपूर्ति राशि प्रदाय नहीं किये जाने के मामले में उपभोक्ता आयोग बलौदाबाजार द्वारा बीमा कंपनी को मामले में राशि 4, 50, 000 रुपए एवं अन्य व्यय प्रदाय किये जाने के आदेश पारित किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भाटापारा निवासी सुरेश कुमार खत्री मेसर्स सियाराम दाल मिल द्वारा अपने संस्थान में लगे संयंत्र मशीनरी उपकरण भवन एवं स्टॉक की सुरक्षा हेतु अनावेदक से बीमा पॉलिसी प्राप्त की। 21 सितम्बर 2023 को लगातार 3-4 दिन भारी बारिश होने से पानी सीढ़ियों से नीचे रिसने से परिसर में रखी अरहर की दाल का तैयार स्टॉक के 82 बैग पैकेट क्षतिग्रस्त हो गए जिसकी क्षतिपूर्ति हेतु दावा अनावेदक को प्रस्तुत किया गया। अनावेदक द्वारा अपने दायित्व को अस्वीकार करते हुए स्टॉक का खराब होने का कारण बारिश का पानी नहीं बल्कि भंडार स्थान के दीवार पर सीलन का होना बताते हुए दावा खारिज कर दिया। आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में प्रकरण प्रस्तुत किया गया। आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल व सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला एवं शारदा सोनी ने मामले की सुनवाई एवं दस्तावेजों का सूक्ष्म निष्कर्ष किया गया। अनावेदक बीमा कम्पनी द्वारा तकनीकी आधारों पर आवेदक का दावा निरस्त कर सेवा में कमी एवं अनुधित व्यापार-व्यवहार किया जाना पाया गया। अनावेदक बीमा कंपनी चोला मंडलम एम.एस जनरल रायपुर को सेवा में कभी का दोषी मानते हुए आवेदक को बीमा की क्षति की राशि 4, 50000रूपये आदेश दिनांक से 45 दिन के भीतर प्रदाय किये जाने का निर्णय सुनाया है।

## एक नजर

### भारत के पूर्व राष्ट्रपति कोविंद का राज्यपाल डेका ने किया स्वागत



**रायपुर, 4 दिसंबर।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के छत्तीसगढ़ आगमन पर आज लोकभवन में राज्यपाल रमेन डेका द्वारा उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया और उन्हें शाल स्मृति चिन्ह भेंट किया।

### मुख्यमंत्री साय ने भारतीय नौसेना दिवस की दी शुभकामनाएं

**रायपुर, 4 दिसंबर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 4 दिसंबर को भारतीय नौसेना दिवस के अवसर पर देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में सतत तत्पर भारतीय नौसेना के जांबाज अधिकारियों, वीर जवानों एवं उनके परिजनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि भारतीय नौसेना के बहादुर सैनिक साहस, शौर्य, अनुशासन और अदम्य निष्ठा के प्रतीक हैं। समुद्री सुरक्षा, वैश्विक मानवीय सहायता, आपदा राहत और सामरिक चुनौतियों के हर मोर्चे पर भारतीय नौसेना ने असाधारण क्षमता का परिचय देकर राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की सामरिक शक्ति और समुद्री प्रभुत्व को सुदृढ़ बनाने में भारतीय नौसेना की भूमिका अनुकरणीय है। उन्होंने नौसेना के अधिकारियों और जवानों की प्रतिबद्धता को देश की सामरिक मजबूती का महत्वपूर्ण आधार बताया। मुख्यमंत्री साय ने उन अमर वीरों को भी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र उनके साहस, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा के लिए सदैव ऋणी रहेगा।

### मुख्यमंत्री ने भगवान दत्तात्रेय जयंती की प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

रायपुर, 4 दिसंबर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भगवान दत्तात्रेय की जयंती (4 दिसम्बर) के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने भगवान दत्तात्रेय से समस्त नागरिकों के सुख, शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना की है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि भगवान दत्तात्रेय सत्कर्म, सादगी, विनम्रता, त्याग और ज्ञान के शाश्वत प्रतीक हैं। उन्होंने मानव जीवन को अहंकार से मुक्त होकर ज्ञानमार्ग अपनाने और जीवन को सद्कर्मों से आलोकित करने की प्रेरणा दी है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि भगवान दत्तात्रेय ब्रह्मा, विष्णु और महेश – तीनों देवताओं के संयुक्त दिव्य स्वरूप हैं। उनकी उपासना से ज्ञान, शक्ति, धैर्य और समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि भगवान दत्तात्रेय जयंती हम सबके लिए आत्मचिंतन, सद्विचार और संस्कारों से भरे जीवन की प्रेरणा लेकर आती है। मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि वे भगवान दत्तात्रेय के उपदेशों को आत्मसात कर समाज में सद्भाव, सेवा और सकारात्मकता को बढ़ाने का संकल्प लें।

## अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की उपस्थिति में राज्य स्तरीय समारोह आयोजित

# दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशील होकर उन्हें सहयोग एवं प्रोत्साहन प्रदान करें : राजवाड़े




**रायपुर, 4 दिसंबर।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर आज सूरजपुर रंगमंच में भव्य राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने शामिल होकर दिव्यांगजनों का उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन समाज की अमूल्य शक्ति हैं और उनके सम्मान, अधिकारों एवं समान अवसरों को सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों के शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाओं का प्रभावी संचालन कर रही है।

मंत्री राजवाड़े ने कहा कि समाज के हर वर्ग की जिम्मेदारी है कि वह दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशील होकर उन्हें सहयोग एवं प्रोत्साहन प्रदान करे, जिससे वे आत्मनिर्भर होकर समाज की मुख्यधारा में मजबूती से आगे बढ़ सकें।

कार्यक्रम में विधायक भुलन सिंह मरावी, छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि पैकरा, नगर पालिका अध्यक्ष कुसुमलता राजवाड़े , सूरजपुर कलेक्टर एस. जयवर्धन, संचालक समाज कल्याण रोक्तिमा यादव सहित जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित रहे। समारोह में दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण वितरण, जागरूकता कार्यक्रम, जानकारीपरक गतिविधियाँ, स्वास्थ्य परामर्श तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित की गईं। दिव्यांग कलाकारों की प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों को प्रभावित किया।राज्य स्तरीय इस कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण, सम्मान और सामाजिक भागीदारी को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

## 14 जरूरतमंदों को सहायक उपकरण वितरित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 4 दिसम्बर।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्य व्यक्तियों के सम्मान के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण एवं दृष्टिकोण विकसित करने हेतु बुधवार को नगर भवन बलौदाबाजार में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष सूलोचना यादव उपस्थित थीं। कार्यक्रम में कुल 272 दिव्यांगजन एंव सहयोगी उपस्थित हुये एवं सभी विकासखण्डों से दिव्यांगजन एवं मनोविकास केन्द्र बलौदाबाजार के दिव्यांग छात्र-छात्रों द्वारा योगाभ्यास, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कवितापाठ, ढ़ोलक के साथ गीत गायन किया गया।समस्त जनपदों से आये बच्चों के द्वारा रंगोली, डांस एवं गीत गायन का



प्रस्तुतीकरण किया गया तथा जिला चिकित्सालय के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं परिवहन विभाग द्वारा दिव्यांगजन परिवहन पास बनाया गया। प्रतियोगिता में चयनित दिव्यांगजनों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय प्रतिभागियों चयन पश्चात एवं उपस्थित समस्त दिव्यांगजनों को स्कूल बैग, से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर 1 मोट्राईज्ड ट्रायसायकल, 5 ट्रायसायकल, 6 श्रवण यंत्र, 2 व्हील चेयर कुल 14 सहायक उपकरण प्रदाय किया गया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर ए.आर. टण्डन, डिप्टी कलेक्टर अरुण सोनकर, उपसंचालक समाज कल्याण सिनीवाली गोयल, चिकित्सा विभाग, परिवहन विभाग के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीएम से पीएससी टॉप 10 अभ्यर्थियों ने की सौजन्य भेंट

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दी शुभकामनाएं, लोकहित में कार्य करने की दी सीख

**रायपुर, 4 दिसंबर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से विगत दिवस राजधानी रायपुर स्थित उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 2024 के टॉप 10 अभ्यर्थियों ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री साय ने सभी चयनित अभ्यर्थियों और उनके परिजनों को सफलता के लिए शुभकामनाएं और बधाई दी। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर और राजभाषा अधिकारी छगन लाल नागवंशी भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री साय ने विद्यार्थियों से उनकी तैयारी के अनुभव, परीक्षा के दौरान आने वाली चुनौतियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के कारण विद्यार्थियों ने यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।



मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 2024 में प्रदेश के युवाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन हम सबके लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आपको हमेशा यह भी याद रखना होगा कि आगे आपकी भूमिका लोकसेवक की होगी। आपको अपने दायित्वों के निर्वहन में धैर्य, विनम्रता और लोक सेवक की सीमाओं का हमेशा ध्यान रखना होगा। आम जनमानस में प्रशासन का विश्वास कायम रखने की दिशा में आप सभी को संवेदनशीलता से प्रयास करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित परीक्षा को पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित करने का निर्णय लिया है और वह परीक्षा परिणामों में साफ नजर आ रहा है। टॉपर विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि यह उपलब्धि उनके लिए जिम्मेदारी का नया अध्याय है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ जनता की सेवा करेंगे और प्रदेश के विकास में योगदान देंगे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 2024 के टॉप 10 चयनित अभ्यर्थी देवेश प्रसाद साहू, स्वप्निल वर्मा, यशवंत कुमार देवांगन, पोलेश्वर साहू, पारस शर्मा, सुश्री शताक्षी पाण्डेय, अंकुश बैनर्जी, सुश्री सृष्टि गुप्ता, प्रशांत वर्मा और सागर वर्मा सपरिवार उपस्थित थे।

## अटल डिजिटल सुविधा केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में बना सहूलियत का पर्याय




■ अब तक 14 करोड़ से अधिक राशि का किया गया निपटान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 4 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार जिले के ग्रामीण क्षेत्रों को डिजिटल सेवाओं से सशक्त बनाने हेतु अटल डिजिटल सेवा केंद्र स्थापित किये गए है जो लगातार उल्लेखनीय प्रगति कर रहे हैं। जिले को कुल 396 केंद्रों की स्वीकृति प्राप्त हुई थी, जिनमें से 357 केंद्रों का एमओयू किया जा चुका है।अब तक 24डिजिटल सुविधा केंद्रों म का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है, जिससे ग्रामीणों को सुविधा केंद्रों के माध्यम से व्यापक सेवाएं सुगमता से उपलब्ध हो रही हैं।

अटल डिजिटल सेवा केंद्रों द्वारा अब तक कुल 59, 228 ट्रांजैक्शन के माध्यम से 14 करोड़ 61लाख 58 हजार रुपए की राशि का निपटान किया गया है। इसमें से 4 चार करोड़ 71 लाख 84 हजार रुपए के ट्रांजेक्शन केवल पिछले तीन महीनों में हुए हैं जो डिजिटल सेवाओं के प्रति बढ़ते भरोसे और उपयोग को दर्शाता है।

जिले के विभिन्न व्हीएलई एवं बीसी सखी द्वारा 1, 50, 000 रुपए से अधिक के ट्रांजैक्शन सफ्लतापूर्वक किए जाने के कारण बलौदाबाजार-भाटापारा जिला प्रदेश में पाँचवें स्थान पर पहुंच गया है। अटल डिजिटल सेवा केंद्रों के माध्यम से नागरिकों को डीज़ी पे के द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का भुगतान, महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को राशि प्रदाय, मनरेगा मजदूरों के खाते अपडेट, बिजली बिल भुगतान, ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाएं, पैन कार्ड, मोबाइल रिचार्ज, बीमा, आयुष्मान कार्ड तथा विभिन्न योजनाओं के ई- केवायसी जैसी बहुआयामी सेवाएं सरलता से प्रदान की जा रही हैं।जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि डिजिटल इंडिया के उद्देश्यों को ग्रामीण स्तर तक प्रभावी ढंग से लागू किया जाए और प्रत्येक नागरिक को आवश्यक सरकारी एवं गैर-सरकारी सेवाएँ उनके ग्राम में ही उपलब्ध हों। अटल डिजिटल सेवा केंद्र इस दिशा में ग्रामीण डिजिटल सशक्तिकरण के मजबूत स्तंभ के रूप में कार्य कर रहे हैं।

## प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत बेलौदी में वाटरशेड महोत्सव का सफल आयोजन

# जल की प्रत्येक बूंद को बचाने और भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने पर दिया बल

**धमतरी, 4 दिसंबर।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-जलग्रहण विकास घटक 2.0 के अंतर्गत जल संरक्षण और जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जलग्रहण समिति बेलौदी, विकासखंड मगरलोड द्वारा वाटरशेड महोत्सव का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं भूमि संसाधन विभाग द्वारा संचालित यह फ्लैगशिप योजना जल एवं मृदा संरक्षण को सुदृढ़ करने, सतत कृषि को बढ़ावा देने और ग्रामीण समुदायों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से क्रियान्वित की जा रही है।

### मुख्य अतिथियों का प्रेरक संदेश

महोत्सव के मुख्य अतिथि, जनपद अध्यक्ष मगरलोड विरेन्द्र कुमार साहू ने जल एवं मृदा संरक्षण के लिए फ्सल चक्र परिवर्तन अपनाने पर जोर देते हुए उपस्थित ग्रामीणों से पानी को बचाने और व्यापक वृक्षारोपण करने की अपील की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत धमतरी की सहकारिता एवं उद्योग सभापति मीना साहू ने कहा कि जल संरक्षण की शुरुआत प्रत्येक घर से होनी चाहिए।

जनपद पंचायत मगरलोड के कृषि सभापति राजेश साहू ने जल की प्रत्येक बूंद को बचाने और भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने पर बल दिया। उन्होंने खुले में बहते पानी को सोखता बनाकर संरक्षित करने एवं मृदा कटाव रोकने के लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता बताई।




### स्कूली बच्चों की प्रभावी सहभागिता

महोत्सव में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा जल संरक्षण विषय पर प्रभात फेरी, रंगोली प्रतियोगिता तथा ÷पानी की पाठशाला÷ के माध्यम से जनजागरूकता मंचन किया गया। विद्यार्थियों की सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहीं।

### वाटरशेड परियोजना से ग्रामीणों को मिल रहा लाभ

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि परियोजना अंतर्गत जल एवं मृदा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए चेकडेम, स्टापडेम, तालाब निर्माण, पेरीकोलेशन टैंक, कंटूर ट्रेंच, गली प्लग, बोरी बंधान एवं वृक्षारोपण जैसे कार्य प्रभावी रूप से किए जा रहे हैं, जिनसे क्षेत्र में जलस्तर बढ़ाने, कृषि उत्पादकता सुधारने एवं ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने में सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। इस अवसर पर वन सभापति जनपद पंचायत मगरलोड तिलोत्मा साहू, जनपद सदस्य अनिता देशमुख, जनप्रतिनिधि, एवं वाटरशेड व कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

वाटरशेड महोत्सव के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और सामुदायिक सहभागिता को सुदृढ़ करने की दिशा में यह आयोजन अत्यंत सफ्ल और प्रभावी रहा।

### अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए 4 से 6 तक योग शिविर

**धमतरी, 4 दिसंबर।** सरकारी अधिकारी–कर्मचारियों के मानसिक तनाव को कम करने, स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और कार्यक्षमता में वृद्धि के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा धमतरी पॉलिटेक्निक परिसर में तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 4 से 6 दिसंबर तक प्रतिदिन प्रात: 6:30 से 9:00 बजे तक संचालित होगा। समय–सीमा की बैठक में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि नियमित योग से मन और शरीर दोनों को ऊर्जा मिलती है, जिससे निर्णय क्षमता, धैर्य और एकाग्रता बढ़ती है। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक दायित्वों के कारण अधिकारी–कर्मचारियों पर अक्सर मानसिक दबाव रहता है, ऐसे में योग जैसे वैज्ञानिक अभ्यास तनाव कम करने और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने का एक प्रभावी माध्यम है। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों–कर्मचारियों से परिवार सहित शिविर में शामिल होकर अधिकतम लाभ लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ अधिकारी ही बेहतर शासन व्यवस्था सुनिश्चित कर सकते हैं।

## जमीन की सरकारी कीमत बढ़ने का विरोध यूं ही नहीं है

संपादकीय

रायपुर समेत राज्यभर में नई कलेक्टर गाइड लाइन २० नवंबर से लागू हो गई है। इससे कई जिलों में जमीन की कीमत १० से १०० प्रतिशत तक बढ़ गई है। सरकार तो यह बदलाव अप्रैल से लागू करना चाहती थी लेकिन इसे आठ महीने बाद लागू किया गया है इसलिए कि छत्तीसगढ़ में आखिरी बार जमीन की कीमत १७-१८ में बढ़ाई गई थी,२०१८-१९ से कीमत नहीं बढ़ाई गई है। सालों से जमीन की कीमत में कोई बदलाव नहीं किए जाने से जमीन के बाजार भाव व सरकारी कीमत में बड़ा अंतर हो गया था। कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में जमीन की सरकारी कीमत ३० प्रतिशत तक कम कर दी थी।भाजपा सरकार ने यह छूट खत्म कर दी है और जमीन की कीमत भी बढ़ा दी है। इसका व्यापक असर हुआ है और व्यापक विरोध भी शुरू हो गया है।कांग्रेस की तरफ से कहा गया है कि इससे मकान दुकान बनाने की लागत बढ़ेगी,भूमि खरीद बिक्री प्रभावित होगी,बेरोजगारी बढ़ेगी,यह ४० से १३० प्रतिशत की बढ़ोतरी बहुत ज्यादा है,मुंबई दिल्ली जैसे शहरों में यह वृध्दि १० से १५ प्रतिशत से अधिक नहीं होती है।इसके बाद कांग्रेस ने सभी जिला मुख्यालयों में पत्र वार्ता कर नई गाइड लाइन का विरोध किया और सरकार से वापस लेने की मांग की। बिल्डरों के सबसे बड़े एसोसिएशन क्रेडाई वित्तमंत्री ओपी चौधरी से मिले और बताया कि नई गाइड लाइन जारी होने से कई जगहों पर सरकारी जमीन की कीमत कई गुना बढ़ गई है।लोग जितनी कीमत में जमीन खरीदेंगे,उससे ज्यादा पैसा उनको रजिस्ट्री शुल्क रूप के रूप में देना पड़ेगा. उन्होंने नई गाइड लाइन में कुछ बदलाव का स्वागत किया है और उन्होंने अपना मांग पत्र मंत्री को सौंपा है। इसके बाद जमीन की नई गाइडलाइन दर में बढ़ोतरी को लेकर कैट के प्रतिनिधिमंडल ने महानिरीक्षण पंजीयन व अधीक्षक मुद्रांक को सुझाव के साथ ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने उनको बताया कि नई दरें कई स्थानों पर वास्तविक बाजार स्थिति से मेल नहीं खाती हैं। जिसके कारण संपत्ति बाजार मे मंदी की स्थिति बन रही है।खरीदारों व बेचनेवालों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ बढ़ेगा। साथ ही रजिस्ट्री घटने से सरकारी राजस्व पर भी बुरा असर पड़ेगा।इसके बाद नई गाइडलाइन के विरोध में दुर्ग में प्रदर्शन कर रहे लोगों पर लाठीचार्ज से बवाल और बढ़ गया है। जमीन की नई गाइड लाइन से कई लोग नुकसान की बात कर रहे हैं तो कई लोगों का कहना है कि इससे फायदा भी है।फायदा यह है कि बाजार की कीमत व सरकारी कीमत में अंतर होने के कारण मनी लांड्रिंग को बढ़ावा मिल रहा थी,उस पर रोक लगेगी,मिडिल क्लास परिवारों को मकान व प्लाट खरीदने के लिए लोन लेने में दिक्कत होती थी, अब नहीं होगी। गाइडलाइन कीमत नहीं बढ़ने से इनकमटैक्स कम मिल रहा था,अभी तक प्रचलित गाइड लाइन में ९४६३ कंडिकाएं थी,जो अब घटकर ५७६३ रह गई हैं।यानी बेकार के नियम खत्म कर देने से लोगों को राहत मिलेगी।माना जा रहा है कि जमीन के धंधे में जो कच्चे पक्के का खेल चलता था, वह बंद हो जाएगा। उन लोगों को भी नुकसान होगा जो रजिस्ट्री में कम और बाहर भारी रकम देकर काला धन खपाने का काम करते थे। जानकार लोगों का मानना है कि जमीन की नई गाइडलाइन से आम लोगों को कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है,क्योंकि उसको पहले भी बाजारदर से पेमेंट करना पड़ता था और अभी भी वैसा होगा।जिनके पास दो नंबर का पैसा था,उन्हें पुरानी व्यवस्था में लाभ था,मगर मिडिल और लोवर क्लास के पास तो काला पैसा होता नहीं है सो गाइड लाइन दर बढ़ने से खरीदी जाने वाली जमीन या मकान का रेट बढ़ेगा तो उस हिसाब से उनको लोन मिल जाएगा। इससे सबसे ज्यादा नुकसान भू माफिया व बिल्डरों को होना है, इसलिए वह सबसे ज्यादा परेशान हैं। जमीन में काला पैसा लगाकर मुनाफा कमाने वाले सबसे ज्यादा परेशान हैं।

# भारतीय रुपए की अंतरराष्ट्रीय स्थिति से भारत की आर्थिक संरचना होती है प्रभावित

अंतरराष्ट्रीय

किशन सनमुखदास भावनानीं



वैश्विक स्तरपर दुनियाँ में 195 से अधिक देश हैं, और हर देश अपनी अलग मुद्रा का इस्तेमाल करता है।दुनियाँ में सबसे लोकप्रिय मुद्राएँ डॉलर, यूरो,पाउंड, दीनार रियाल, येन आदि हैं। एक देश से दूसरे देश की यात्रा करते समय,उस देश में लेन-देन करने के लिए मुद्रा विनिमय की आवश्यकता होती है ।सरकार मुद्रा जारी करती है;इसे वैध मुद्रा भी कहा जाता है। मुद्रा का मूल्य स्थिर नहीं रहता और हर दिन बदलता रहता है। मुद्रा का मूल्य विभिन्न देशों में अलग-अलग होता है।पिछले सप्ताह के दौरान,अमेरिकी डॉलर और भारतीय रुपये की विनिमय दर 02-12-2025 को 89.755 के उच्चतम स्तर और 25-11- 2025 को 89.0625 के निम्नतम स्तर के बीच उतार- चढ़ाव करती रही।24 घंटे में सबसे बड़ा मूल्य परिवर्तन 01-12-2025 को हुआ, जिसमें मूल्य में 0.235 प्रतिशत की वृद्धि हुई।भारतीय रुपए (आईएनआऱ) की अंतरराष्ट्रीय स्थिति सदैव भारत की आर्थिक संरचना,विकास दर, निर्यात- आयात संतुलन और वैश्विक आर्थिक घटनाओं से गहराई से प्रभावित होती रही है। वर्तमान वैश्विक आर्थिक परिवेश, जहाँ अमेरिका और यूरोप जैसी अर्थव्यवस्थाएँ अपनी मौद्रिक नीतियों को लगातार सख्त कर रही हैं, वहीं भारत जैसे उभरते देशों की मुद्राएँ प्रत्यक्ष रूप से डॉलर के उतार-चढ़ाव से प्रभावित हो रही हैं। इस स्थिति में भारतीय रुपया एक संक्रमणकाल में खड़ा है। एक ओर वह विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था की मुद्रा है, वहीं दूसरी ओर उसकी अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता और मूल्यांकन अभी भी सीमित है।डॉलर-निर्भर वैश्विक व्यापार प्रणाली में आईएनआऱ की भूमिका बढ़ रही है लेकिन वह अभी भी उतनी दृढ़ नहीं हो सकी है कि उसे विश्व व्यापार की प्राथमिक मुद्राओं में शामिल किया जा सके। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि अंतरराष्ट्रीय स्तरपर भारतीय रुपया इस समय एक ऐसी मुद्रा के रूप में देखा जाता है जो स्थिर भी है औरचुनौतीपूर्ण भी। स्थिर इसलिए कि भारत का वित्तीय तंत्र मजबूत है, विदेशी मुद्रा भंडार विश्व के शीर्ष देशों में आता है, और आर्थिक विकास दर दुनियाँ में सबसे तेजों में है। लेकिन चुनौती इसलिए कि रुपये की विनिमय दर अभी भी बाहरी कारकों विशेषकर अमेरिकी डॉलर पर अत्यधिक निर्भर है। डॉलर के मजबूत होने से भारत जैसे देशों की मुद्राओं पर स्वतः दबाव आता है और यह दबाव बढ़ते विदेशी निवेश बहिर्वाह, अस्थिर वैश्विक बाजार और तेल-कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण और भी घना हो जाता है। इसी वजह से भारतीय रुपये की अंतरराष्ट्रीय मजबूती अक्सर वैश्विक परिस्थितियों से निर्धारित होती है, न कि केवल भारत की घरेलू आर्थिक क्षमता से जो महत्वपूर्ण कारक है।

साथियों बात अगर हम वास्तविक प्रभावी विनिमय दर (आऱईईआऱ) के नज़रिए से देखनें की करें तो तस्वीर अपेक्षाकृत संतुलित दिखाई देती है। यह दर व्यापारिक प्रतिस्पर्धा, मुद्रास्फीति और क्रय-



शक्ति के आधार पर तय होती है। कई वर्षों के विश्लेषण से पता चलता है कि रुपया नाममात्र गिरता हुआ दिखता है, लेकिन वास्तविक प्रतिस्पर्धात्मकता उतनी खराब नहीं होती जितनी यूएसडी/आईएनआऱ दर को देखकर समझा जाता है। इसका एक कारण यह भी है कि भारत का निर्यात आधार विस्तार कर रहा है, सेवा-क्षेत्र वैश्विक स्तर पर प्रमुख है, और घरेलू बाजार की स्थिरता बाहरी दबावों को किसी हद तक संतुलित करती है। साथियों बात अगर हम अब यदि हम भारतीय रुपये की तुलना अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं से करें, विशेषकर विकसित और विकासशील देशों की प्रमुख मुद्राओं से,तो वर्तमान स्थिति इस प्रकार उभरती है कि आईएनआऱ अधिकांश अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं के मुकाबले कमजोर है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगभग 89- 90 रुपये का मूल्य बताता है कि पिछले एक दशक में रुपये ने धीरे-धीरे कमजोरी दिखाई है। यूरो, ब्रिटिश पाउंड और जापानी येन जैसी स्थिर मुद्राओं के मुकाबले भी आईएनआऱ का मूल्यांकन दर्शाता है कि भारत को अभी भी वैश्विक आर्थिक धारा में अधिक स्थिरता प्राप्त करने की आवश्यकता है।हालांकि यह भी ध्यान देने योग्य है कि मुद्रा की कमजोरी हमेशा नकारात्मक संकेत नहीं होती,कई देश जानबूझकर अपनी मुद्रा को प्रतिस्पर्धी बनाए रखते हैं ताकि निर्यात को बढ़ावा मिले और घरेलू उद्योगों को लाभ हो। भारत की परिस्थिति मिश्रित हैःकमजोर मुद्रा से निर्यात को कुछ हद तक सहारा मिलता है,लेकिन ऊर्जा- आयात पर भारी निर्भरता भारतीय अर्थव्यवस्था पर महंगा प्रभाव डालती है।यदि मध्य एशियाई देशों,जैसे कज़ाख़स्तान, उज्बेकिस्तान,किर्गिस्तान,ताजिकिस्तान या तुर्कमेनिस्तान की मुद्रा के मुकाबले आईएनआऱकी स्थिति का आकलन किया जाए,तो स्पष्ट होता है कि यहाँ आईएनआऱ कुछ मामलों में अधिक स्थिर दिखाई देता है। कई मध्य एशियाई देशों की मुद्रा राजनीतिक अस्थिरता, राजकोषीय सीमाओं और व्यापारिक निर्भरता के कारण अधिक उतार-चढ़ाव का सामना करती है। ऐसे में आईएनआऱ अपेक्षाकृत स्थिर मुद्रा है, जिससे भारत और मध्य एशिया के बीच व्यापारिक संबंधों में सकारात्मक अवसर बनते हैं।चूंकि भारत इन देशों के साथ ऊर्जा, रक्षा, शिक्षा, फार्मास्यूटिकल और तकनीकी सहयोग बढ़ा रहा है, इसलिए आईएनआऱ का इन क्षेत्रों में लेन-देन मूल्य धीरे-धीरे बढ़ सकता है। साथियों बात अगर कर हम अब भारतीय रुपये के भविष्य की बात करें तो विशेषकर विज़न 2047 के संदर्भ में, तो तस्वीर अत्यंत रोचक और बहुआयामी है। भारत का लक्ष्य 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का है। यदि यह लक्ष्य आर्थिक संरचना, नीति-निर्माण, उद्योग-विकास, अवसंरचना विस्तार और तकनीकी शक्ति के आधार पर पूरा होता है,तो निश्चित ही आईएनआऱ की वैश्विक स्थिति आज की तुलना में कहीं अधिक मजबूत होगी। भारत 2047 तक 26 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के अनुमान के साथ चलता है, जहाँ प्रति व्यक्ति आय में भी कई गुना वृद्धि होगी। इस तरह की विशाल आर्थिक क्षमता मुद्रा की अंतरराष्ट्रीय विश्वसनीयता को स्वाभाविक तौर पर बढ़ाएगी।

साथियों बात अगर हम 2047 के भारत में रुपया कैसा होगा, इसको समझने की करें तो यह सवाल आर्थिक नीति-निर्माताओं, बाज़ार विशेषज्ञों और वैश्विक निवेशकों के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है। यदि भारत वर्तमान विकास दर को बनाए रखता है, ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ाता है, विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत करता है, व्यापार- घाटा नियंत्रित रखता है, और अधिक देशों के साथ रुपये में व्यापार शुरू करता है,तो यह संभव है कि आने वाले वर्षों में आईएनआर अधिक स्थिर और मजबूत मुद्रा के रूप में उभरे। इसके अलावा, डिजिटल मुद्रा (सीबीडी सी,सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी), फिनटेक, डिजिटल भुगतान, और वैश्विक मुद्रा-विनिमय नेटवर्क में भारत की सक्रियता रुपये की स्वीकार्यता बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाएगी।2047 में आईएनआऱ की संभावित विनिमय दर का अनुमान लगाना कई अनिश्चितताओं के कारण कठिन है। परंतु विकासशील और विकसित होने की दिशा में बढ़ रहे भारत की आर्थिक संरचना बताती है कि रुपये का अंतरराष्ट्रीय मूल्यांकन आज जैसा नहीं रहेगा। यह मजबूत भी हो सकता है, स्थिर भी हो सकता है, और वैश्विक मुद्रा-प्रणाली में अधिक महत्वपूर्ण भूमिका भी निभा सकता है। यदि भारतीय अर्थव्यवस्था निर्यात-प्रधान बनती है तो आईएनआऱ की मजबूती बढ़ेगी। यदि भारत ऊर्जा -आयात पर निर्भरता कम करता है और रक्षा, तकनीक, एआई, फार्मा, अंतरिक्ष, सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में अग्रणी बनता है, तो आईएनआऱ का मूल्यांकन आज की तुलना में कहीं अधिक अनुकूल हो सकता है।रुपये की मज़बूती केवल डॉलर की तुलना से नहीं मापी जाती। किसी भी मुद्रा की प्रभावशाली स्थिति उसके क्रय-शक्ति, स्थिरता, वैश्विक उपयोग, व्यापार-संतुलन और निवेशकों के भरोसे से तय होती है। भारत आज यह भरोसा लगातार बढ़ा रहा है, और यदि यह यात्रा 2047 तक सही दिशा में चलती रही, तो आईएनआऱ एक ऐसी मुद्रा हो सकती है जिसे दुनिया केवल उभरती अर्थव्यवस्था की मुद्रा के रूप में नहीं, बल्कि विकसित और स्थिर आर्थिक शक्ति के रूप में पहचानेगी।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि,भारतीय रुपये का भविष्य बेहद हद तक भारत की आर्थिक नीतियों, वैश्विक परिदृश्य, राजनीतिक स्थिरता,तकनीकी नवाचार और अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों पर निर्भर करेगा। यदि भारत वैश्विक व्यापार में बड़े पैमाने पर रूपये-आधारित लेन-देन की दिशा में सफल कदम उठाता है, डॉलर पर निर्भरता घटाता है,और डिजिटल- वित्तीय व्यवस्था में नेतृत्व भूमिका निभाता है, तो 2047 में आईएनआऱ उस स्थिति में हो सकता है जिसकी आज केवल कल्पना की जा रही है, एक स्थिर, मजबूत, विश्वसनीय और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में स्वीकार्य मुद्रा।

## सू- दोकू क्र.248

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.247 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |

## शब्द सामर्थ्य - 248


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 247 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | इं | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ढ़ा |
| त | | | स्व | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | र्दा | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नौ | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |

## राशिफल

मेष :- आज का दिन प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है, उनके साथी से रिश्ते बेहतर रहेंगे। दोनों की बॉन्डिंग बहुत अच्छी होगी, लेकिन बिजनेस में कुछ उतार-चढ़ाव रहने से आज आप थोड़ा परेशान भी हो सकते हैं। आप अपनी आर्थिक स्थिति को लेकर कोई महत्वपूर्ण कदम उठाएंगे। आपने यदि किसी से धन उधार लिया था, तो वह आपसे वापस मांग सकते हैं। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचानकर चलना होगा। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें।

वृषभ आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। व्यापार में भी आपकी कोई अच्छी डील फाइनल होगी। आपकी मेहनत रंग लाएगी। माता-पिता के आशीर्वाद से आप किसी नए घर की खरीदारी कर सकते हैं। आप अपनी जिम्मेदारियों से बिल्कुल पीछे नहीं हटेंगे। सामाजिक कामों में आपको अच्छी सफलता हासिल होगी और एक नई पहचान मिलेगी। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

मिथुन आज आप अपनी प्रतिभा दिखाकर कार्यक्षेत्र में लोगों को हैरान करेंगे। रचनात्मक कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी और आपकी कला में भी निखार आएगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है। घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी, जो विद्यार्थी विदेश जाकर पढ़ाई करना चाहते हैं, उनके मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

कर्क आज आपके मन में उलझनें रहने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे। आर्थिक मामलों को लेकर आपको कोई निर्णय थोड़ा सोच समझकर लेना होगा। पारिवारिक वाद-विवाद आपकी समस्याओं को बढ़ाएंगे। आप अपनी माताजी से किए हुए वादे को पूरा करेंगे। सरकारी काम यदि अटका हुआ था, तो उसे भी पूरा करने के लिए समय निकालेंगे। आपको अपनी आवश्यकताओं के अनुसार खर्च करना बेहतर रहेगा। आज आपकी कुछ नया करने की इच्छा जागृत हो सकती है।

सिंह आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। नौकरीपेशा जातकों को अच्छे कामों से प्रोत्साहन मिलेगा। आपको शेयर मार्केट आदि में धन लगाना बेहतर रहेगा। आप अपने प्रत्येक कामों को समय से करने की कोशिश करेंगे। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। आप परिवार के सदस्यों के साथ कुछ समय बिताएंगे, जिससे आपको उनके मन में चल रही उलझनों को भी दूर करने का मौका मिलेगा।

कन्या आज का दिन आपके लिए समझदारी से काम करने के लिए रहेगा, इसलिए आपको पार्टनरशिप थोड़ा देखकर करनी होगी। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है, जो आपको खुशी देगा। स्वास्थ्य के प्रति आपको थोड़ा सचेत रहना होगा। आप अपने जरूरी कागजातों पर पूरा ध्यान दें, क्योंकि उनके खोने या चोरी होने की संभावना बनती दिख रही है। आपका कोई लेनदेन से संबंधित मामला चुकता होगा।

तुला आज के दिन आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। आप अपने इनकम को बढ़ाने की जरूरतों पर पूरा ध्यान देंगे। कोई धन से संबंधित मामला आपकी टेंशनों को बढ़ा सकता है। आपका किसी हो पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है, जो विद्यार्थी विदेश जाकर पढ़ाई करना चाहते हैं, उन्हें कोई बेहतर अवसर हाथ लगेगा। आप किसी दूसरे पर अपने कामों को लेकर डिपेंड न रहें, नहीं तो आपकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं और संतान को तरक्की करते देख आपको खुशी होगी।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। परिवार में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है, लेकिन आपको अत्यधिक मेहनत के कारण थकान का अनुभव होगा। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण थोड़े परेशानी में आ सकते हैं। आप किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचें। यदि आपकी कोई गलती परिवार में सदस्यों के सामने उजागर हुई, तो आपको उसके लिए माफी मांगनी पड़ सकती है

धनु आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आप अपने कामों को लेकर उत्साहित रहेंगे। प्रेम संबंधों की नई शुरुआत होगी। जो आपके लिए अच्छी रहेगी, लेकिन आप अपनी शारीरिक समस्याओं को लेकर टेंशन में आ सकते हैं और आप नियमित प्रयास करते रहें, इसलिए योग और व्यायाम का सहारा अवश्य लें ताकि आप स्वस्थ रह सकें। पारिवारिक मामलों को भी आप मिल बैठकर निपटाएं। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

मकर आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। यदि कोई पुरानी बीमारी फिर से आपको समस्या दे रही थी, तो उसमें आपको सुधार लाने की कोशिश करनी होगी। पारिवारिक जीवन में तालमेल बनकर चलना होगा। आपको अपने कामों को धैर्य और संयम से निपटाने की आवश्यकता है। यदि आपने किसी काम को लेकर जल्दबाजी दिखायी, तो बाद में आपको उसको लेकर पछतावा होगा।

कुंभ आज का दिन आपके लिए सामाजिक कामों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। प्रेम संबंधों में यदि कटुता चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। प्रेम व सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। यदि आप किसी से प्रेम करते हैं, तो आप उससे अपने प्रेम का इजहार कर सकते हैं। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। कुछ महत्वपूर्ण खर्चो आपकी टेंशनों को बढ़ाएंगे।

मीन आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से बढ़िया रहने वाला है। जीवनसाथी और आप एक दूसरे के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ेंगे, जिससे दोनों एक दूसरे की कमियों को स्वीकार करके एक दूसरे के साथ अपने रिश्ते में आगे बढ़ेंगे। नौकरी में आपको कुछ काम को लेकर यदि कोई समस्या थी, तो वह भी आपके किसी जूनियर की मदद से दूर होती दिख रही है। भाग्य का दृष्टिकोण आप पर बना रहेगा, इससे आपके सभी काम आसानी से पूरे होंगे।

# सुप्रीम कोर्ट का वक्फ पोर्टल पर सम्पत्ति पंजीकरण सीमा बढ़ाने से इंकार

अजय कुमार,



सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संपत्तियों का विवरण उम्मीद पोर्टल पर अपलोड करने की समय सीमा बढ़ाने से साफ इंकार कर दिया है। इस नियम के तहत सभी वक्फ संपत्तियों का डिजिटल पंजीकरण अनिवार्य है और इसके लिए 5 या 6 दिसंबर तक की अंतिम तारीख दी गई है। यदि कोई व्यक्ति या संस्था इसे समय पर पूरा नहीं करती है, तो उस पर सजा भी हो सकती है। इस फैसले से स्पष्ट है कि सरकार की डिजिटलाइजेशन पहल को समर्थन दिया गया है, जबकि तकनीकी दिक्कतों और अन्य समस्याओं के लिए अब संबंधित वक्फ ट्रिब्यूनल का सहारा लेना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में याचिकाकर्ताओं के उन दावे को खारिज कर दिया, जिनमें उन्होंने पोर्टल की तकनीकी कठिनाइयों और देखरेख कर्ताओं की अनुपलब्धता का हवाला दिया था। न्यायाधीशों ने कहा कि जो लोग पोर्टल पर विवरण अपलोड नहीं कर पाते, वे वक्फ ट्रिब्यूनल के पास जा सकते हैं, जो हर मामले को देखेगा और समाधान देगा। अदालत ने साफ कहा कि वक्फ अधिनियम के तहत दी गई समय सीमा का पालन आवश्यक है और इस कानून के संचालन में हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है। केंद्र सरकार ने लगभग 6 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियों का सफलतापूर्वक पंजीयन कर लिया है, जबकि बाकी संपत्तियों के पंजीकरण को 6 दिसंबर तक पूरा करने का निर्देश दिया गया है। उम्मीद पोर्टल की शुरुआत 6 जून 2025 को की गई थी, जिसका मकसद सभी वक्फ संपत्तियों का डिजिटल और भू-स्थानिक रिकॉर्ड बनाना है। इससे एक पारदर्शी और सुगठित प्रणाली तैयार होगी और वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में सुधार आएगा।

इस फैसले पर विभिन्न लोगों की प्रतिक्रियाएं आई हैं। कुछ वक्फ बोर्ड सदस्यों ने कहा कि तकनीकी दिक्कतों और संसाधनों के अभाव के कारण समय सीमा पूरी करना चुनौतीपूर्ण है। वहीं, कुछ विशेषज्ञों ने फैसला सराहा है, क्योंकि इससे वक्फ संपत्तियों की पारदर्शिता बढ़ेगी और अवैध कब्जों पर अंकुश लग सकेगा। स्थानीय स्तर पर वक्फ संपत्तियों के रख-रखाव में सुधार के लिए इस कदम को एक महत्वपूर्ण मोड़ माना जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से यह संकेत मिलता है कि वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की प्रक्रिया को समय रहते पूरा करना आवश्यक है। तकनीकी कठिनाइयों का सामना करने वाले व्यक्ति और संस्थाओं के लिए राहत वक्फ ट्रिब्यूनल के माध्यम से उपलब्ध है, जिससे सभी पक्षों के हितों का संरक्षण किया जा सकेगा। यह कदम वक्फ संपत्तियों के सुचारु और जवाबदेह प्रबंधन की दिशा में एक बड़ी पहल है।

# कोलकाता में बीएलओ का चुनाव कार्यालय के बाहर प्रदर्शन

स्वदेश कुमार ,लखनऊ

पश्चिम बंगाल में 11 राज्यों के मुकाबले एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर रोज नई खबरें और विरोध देखने को मिल रहे हैं, जबकि अन्य राज्यों में यह शांतिपूर्वक चल रही है। बीएलओ को एक तरफ भड़काया जा रहा है तो दूसरी तरफ उनके ऊपर तृणमूल कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता भी जबरन लोगों के नाम जोड़ने का दबाव डाल रहे हैं। इसी स्थिति से हैरान–परेशान बीएलओ ने आज कोलकाता में चुनाव आयोग के कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया, जिसमें राजनीतिक तनाव गहरा रहा है। इस विरोध के पीछे काफी हद तक राजनीति है, जिसमें ममता बनर्जी की प्रमुख भूमिका सामने आ रही है। दरअसल, ममता बनर्जी ने एसआईआर को साइलेंट इनविजिबल रिगिंग यानी शांत और अदृश्य धांधली करार देते हुए केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बंगाल में एसआईआर को लागू नहीं होने देने की कठोर चेतावनी भी दी है और अपने विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व खुद कर रही हैं। ममता बनर्जी की अपील को लेकर टीएमसी ने इसे बंगाली अस्मिता और संविधान की रक्षा के संघर्ष के रूप में पेश किया है। उनके समर्थन में बड़ी संख्या में टीएमसी कार्यकर्ता विरोध मार्चों में शामिल होते हैं, जो लोकतंत्र बचाओ और बंगाल का वोट बंगाल का हक जैसे नारे लगाते हैं। उधर, बंग्लादेशी घुसपैठिये देश छोड़कर भाग रहे हैं। इस सबके बीच ममता बनर्जी ने भाजपा पर लोगों के मताधिकार छीनने का आरोप भी लगाया है। बीएलओ यानी बूथ लेवल ऑफिसर के विरोध प्रदर्शन के बारे में राजनीतिक दलों में आरोप–प्रत्यारोप का दौर चला है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि ममता बनर्जी की सरकार मतदाता सूची के डेटा में हेरफेर कर रही है और बीएलओ को दबाव में रखा जा रहा है। वहीं ममता बनर्जी बीएलओ के साथ जमीन पर हैं, लेकिन उनका कहना है कि वे किसी फॉर्म पर हस्ताक्षर नहीं करतीं। इस बीच, कुछ जगहों से बीएलओ के आत्महत्या की खबरें भी आई हैं, जिनके पीछे भी राजनीतिक तनाव को कहा जा रहा है। ममता बनर्जी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन इस विवाद को एक संवेदनशील राजनीतिक मुद्दा बना चुका है, जहां वे चुनाव आयोग की प्रक्रिया पर सवाल उठा रही हैं और इसे बंगाल तथा बंगालियों के वोट अधिकार के खिलाफ मानती हैं। उन्होंने एसआईआर को एनआरसी से जोड़कर भी इसका विरोध किया है। ऐसे माहौल में विरोध प्रदर्शन के दौरान वे जनता को सक्रिय करती दिख रही हैं, जिससे यह साफ है कि वे एसआईआर के खिलाफ जनता में नाराजगी भड़काने में भूमिका निभा रही हैं। इस पूरे विवाद में चुनाव आयोग की भूमिका, बीएलओ के विरोध प्रदर्शन, और ममता बनर्जी के तेवर राजनीतिक और वास्तविकता दोनों का मिश्रण हैं। जहां एक ओर प्रक्रिया की तर्कसंगत समीक्षा जरूरी है, वहीं राजनीतिक विरोध इसे चुनावी रणनीति का हिस्सा भी बना रहा है, खासकर पश्चिम बंगाल में जहां ममता बनर्जी इस मुद्दे को अपने राजनीतिक एजेंडा का केंद्र बना चुकी हैं।

# भालुओं ने गन्ने की फसल कर दी चौपट

**20 दिनों से इलाके में देखी जा रही जोड़ी**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,4 दिसंबर।** ग्राम घाटलोहंगा के एकटागुड़ा पारा में मंगलवार की देर रात जंगली भालुओं ने किसानों की खड़ी गन्ने की फसल को भारी नुकसान पहुँचाया। रात करीब 1 बजे के बीच दो भालूओं के गन्ने के खेत घुसे होने की खबर के बाद गांव के लोगों ने दहशत में किसी तरह रात काटी। बुधवार की सुबह जब मौके पर देखा तो घटना स्थल पर फैली टूटी-गिरी फसल और पैरों के निशान से नुकसान का अंदाजा लगाया जा सका। किसानों के अनुसार करीब 60 हजार रुपये की फसल नष्ट हो गई है। जानकारी मिलने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुँचकर निरीक्षण किया उन्होंने पूरे खेत का मुआयना कर पंचनामा तैयार कर नुकसान का जायजा लिया।पीड़ित किसान मनोराम कश्यप, पिता घनोराम कश्यप, निवासी कुदाल गांव, पारा गुच्छागुड़ा ने बताया कि भालुओं के लगातार विचरण के कारण गन्ने की फसल को नुकसान हुआ। किसानों ने शासन से फसल नुकसान का मुआवजा प्रदान करने की मांग की है ताकि हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई हो सके।

**मुनादी कर कोटवार कर रहा आगाह**

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 20 दिनों से भालुओं की आवाजाही लगातार बढ़ रही है, जिससे गाँव में दहशत है। स्थिति को देखते हुए ग्राम कोटवार ने मुनादी कर लोगों को रात में घर से बाहर न निकलने की चेतावनी दी है।

# हर साल गन्ने का रकबा कम होने से गुड़ महंगा हो रहा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,4 दिसंबर।** बस्तर में हर साल गन्ने का रकबा सिमटता जा रहा है, जिसके कारण गुड़ की कीमत लगातार बढ़ती जा रही है। इस समय बस्तर में प्रतिकिलो गुड़ 70 से 80 रूपए में बिक रहा है। गन्ने की खेती करने सालभर का समय लगता है, साथ ही अधिक मेहनत करनी पड़ती है, इसके कारण किसान गन्ने की खेती करने में रूचि नहीं ले रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पूर्व में बस्तर में गन्ने की खेती को देखते हुए शक्कर कारखाना स्थापित करने योजना बनायी गयी थी, लेकिन उत्पादन कम होने के कारण बाधा उत्पन्न हुई थी, तब कृषि विभाग ने रकबा बढ़ाने का भी प्रयास किया था, लेकिन सफलता नहीं मिली।

ज्ञात हो कि करीब दो दशक पहले तक बस्तर और बकावंड ब्लॉक के किसान इन्द्रावती व नारंगी नदी किनारे बड़े रकबे में गन्ने की खेती करते थे, तब बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने बस्तर में शक्कर कारखाना स्थापित करने पहल की थी। बस्तर की मिट्टी व जलवायु गन्ने की खेती के लिए अनुकूल होने के कारण गन्ने के पैदावार की अच्छी संभावना है। कृषि विभाग के मुताबिक वर्ष 2018-19 में 2210 हेक्टेयर, 2019-20 में 2156 हेक्टेयर, 2020-21 में 522 हेक्टेयर, 2021-22 में 613 हेक्टेयर, 2022-23 में 650 हेक्टेयर, 2023-24 में 650 हेक्टेयर, 2024-25 में 620 हेक्टेयर और इस सीजन 2025-26 में 328 हेक्टेयर का लक्ष्य रखा गया है।बस्तर में लगातार किसान गन्ने की खेती करना छोड़ रहे हैं, लेकिन अब सीमांध्र के किसान गन्ने की खेती करने बस्तर आ रहे हैं। सीमांध्र के व्यापारी बस्तर के किसानों से खेत अधिया में लेकर गन्ने की खेती कर रहे हैं। इसके बाद गुड़ बनाकर सीमांध्र ही ले जाकर विक्रय कर रहे हैं, जिससे उन्हें अच्छी आमदनी हो रही है। इन दिनों सीमांध्र के व्यापारी बस्तर में भट्ठी लगाकर गुड़ बना रहे हैं।

## समाचार संक्षेप

### रावघाट-जगदलपुर रेल लाइन, भूमि अधिग्रहण की रफ्तार धीमी

**जगदलपुर,4 दिसंबर (तछसं)।** बस्तर के लोगों को रावघाट-जगदलपुर रेल लाइन शुरू होने का लंबे समय से इंतजार है, ताकि कम लागत में सीधे रायपुर, दुर्ग और धमतरी तक रेल यात्रा संभव हो सके। लेकिन परियोजना का सबसे महत्वपूर्ण चरण भूमि अधिग्रहण बेहद धीमी गति से आगे बढ़ रहा है। रेलवे विभाग और जिला प्रशासन की उदासीनता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2023 तक कुल 1025 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता में से अब तक सिर्फ 776.34 हेक्टेयर भूमि ही अधिग्रहित हो पाई है। लगभग 140 किलोमीटर लंबे इस रेल कॉरिडोर का निर्माण आवश्यक भूमि मिलने पर ही शुरू होगा।

**मुआवजा वितरण में भी विलंब**-रेल लाइन पर कुल 12 नए रेलवे स्टेशन प्रस्तावित हैं, साथ ही इस परियोजना से धमतरी, कोण्डागांव, बस्तर और जगदलपुर के बीच तेज और सस्ती कनेक्टिविटी विकसित होगी। परंतु जमीन उपलब्ध न होने के कारण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों को मुआवजा वितरण में भी विलंब बताया जा रहा है। लगभग 175 किसानों को भुगतान लंबित है, जिससे अधिग्रहण प्रक्रिया लगातार अटकी हुई है।

**परियोजना आगे नहीं बढ़ पा रही**-जानकारी के अनुसार, दुर्ग से रावघाट तक रेल लाइन बिछाने का ठेका पहले ही दिया जा चुका है और कई स्थानों पर कार्य प्रारंभ भी हो गया है। लेकिन रावघाट से जगदलपुर तक के हिस्से का काम अधूरा।

### वर्षों बाद खेल मैदान में लौटीं महिलाएं, बस्तर ओलंपिक बना जड़ों से जोड़ने का माध्यम

**जगदलपुर,4 दिसंबर (तछसं)।** बस्तर ओलम्पिक 2025 का आयोजन इस वर्ष कई महिलाओं को अपनी जड़ों से दोबारा जुड़ने का अवसर मिला है, ऐसी ही महिलाओं में शामिल हैं श्रीमती सरोज पोडियाम, जो विवाह और पारीवारिक जिम्मेदारियों के चलते वर्षों से खेल से दूर थीं। तीन वर्ष की बच्ची की मां होने के बावजूद उन्होंने खेल मैदान में वापसी कर सभी को प्रेरित किया। सरोज पोडियाम कोंटा विकासखंड के दूरस्थ मुरलीगुड़ा ग्राम की निवासी हैं। वह बताती हैं कि बस्तर ओलम्पिक शुरू होने से उन्हें स्कूल के दिनों की खो-खो और कबड्डी जैसे खेलों की यादें ताजा हो गईं। सरोज बताती हैं हम महिलाओं का अधिकतर समय परिवार, बच्चे और गृहकार्य में बीत जाता है। लेकिन बस्तर ओलम्पिक ने हमें फिर से अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया। इस बार संभाग स्तर तक पहुंचना हम सभी के लिए बड़ी खुशी की बात है।बस्तर ओलम्पिक में सरोज पोडियाम और उनकी टीम ने रस्साकसी में दमदार प्रदर्शन करते हुए संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हासिल किया है। टीम की इस उपलब्धि से पूरे परिवार और गांव में खुशी का माहौल है। सरोज कहती हैं कि हम सभी महिला साथी बहुत खुश हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी का धन्यवाद, जिन्होंने हमें अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच दिया। इस बार पूरा प्रयास रहेगा कि हम संभाग में अपने जिले को जीत दिलाएं। बस्तर ओलम्पिक ने हमें दोबारा खेलने का मौका दिया और आस-पास की सभी महिला साथी भी शामिल हुईं।

### धान के अवैध परिवहन व भण्डारण पर की जा रही कड़ी कार्रवाई



**कांकेर,4 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले में गठित जांच दलों के द्वारा धान के अवैध भण्डारण एवं परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में सतर्क ऐप में प्राप्त शिकायत के आधार पर एसडीएम भानुप्रतापपुर के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं मंडी बोर्ड की संयुक्त टीम द्वारा संबलपुर निवासी थोक व्यापारी कुशल जैन के गोदाम की जांच किया गया, जिसमें स्टॉक से अधिक धान पाए जाने (104 क्विंटल 80 किलोग्राम) धान जप्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है।

### वन मंत्री केदार कश्यप ने ग्राम जैसाकर्रा में किया इंदरू केंवट नेचर पार्क का लोकार्पण

**कांकेर,4 दिसम्बर।** प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप ने आज चारामा के ग्राम जैसाकर्रा में स्थापित इंदरू केंवट नेचर पार्क का लोकार्पण किया। समारोह में विधायक भानुप्रतापपुर श्रीमती सावित्री मण्डावी भी मौजूद थी। चारामा वन परिक्षेत्र के ग्राम जैसाकर्रा में इस नेचर पार्क का निर्माण 49 लाख 85 हजार रूपए की लागत से किया गया है।

नेचर पार्क के लोकार्पण अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि यह नेचर पार्क बहुत अच्छा बना है। भविष्य में इसका और विकास किया जाएगा। इसके विकास में नेचर को ध्यान रखे और कांक्रीट का ज्यादा उपयोग न किया जावे। उन्होंने कहा कि सौभाग्य की बात है कि हमारा बस्तर वनों से आच्छादित है। इसके महत्व को समझें और इसका संरक्षण करते हुए वनोंपज के माध्यम से अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती सावित्री मण्डावी ने कहा कि इंदरू केंवट नेचर पार्क का आज लोकार्पण हो रहा है, इस नेचर पार्क से आम लोगों को फायदा मिलेगा, साथ ही पर्यवरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि वन और वन्य प्राणियों की सुरक्षा हम सब का दायित्व है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष श्री विकास मरकाम, प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री व्ही. श्रीनिवास राव, नगर पंचायत चारामा के अध्यक्ष श्री भुनेश्वर नागराज, मुख्य वन संरक्षक कांकेर श्री राजेश चंदेले, डी.एफ.ओ. श्री रौनक गोयल, श्री आलोक ठाकुर, श्री टेकेश्वर जैन, श्री नरेन्द्र यादव, श्री नंदकुमार ओझा, सरपंच जैसाकर्रा श्री रविलाल नायक, एसडीएम चारामा श्री नरेंद्र बंजारा, अनुविभागीय अधिकारी वन श्री जसवीरसिंह मरावी, तहसीलदार श्री सत्येन्द्र शुक्ल सहित जनपद सदस्य, वन प्रबंधन समिति के सदस्यगण मौजूद थे।

### धर्मांतरित मुक्तिधाम में रात के समय गोपनीय तरीके से दफना रहे शव : सर्व समाज

**कांकेर, 4 दिसंबर।** जिले के चारामा ब्लॉक में अवैध धर्मांतरण और श्मशान घाट (मुक्तिधाम) के कथित अवैध उपयोग को लेकर विवाद गहरा गया है। इस मुद्दे पर अपना विरोध दर्ज कराने के लिए सर्व समाज के लोगों ने चारामा स्थित एसडीएम कार्यालय में आज मंगलवार को ज्ञापन सौंपा है। समाज के प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है । सर्व समाज का आरोप है कि चारामा क्षेत्र में पिछले कुछ समय से अवैध धर्मांतरण की गतिविधियां जारी हैं, जिससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि धर्मांतरित व्यक्तियों के शवों को अन्य ब्लॉकों से गुपचुप तरीके से चारामा के स्थानीय मुक्तिधाम में लाया जा रहा है। समाज का कहना है कि इन शवों को स्थानीय प्रशासन या किसी व्यक्ति को सूचना दिए बिना, रात के समय गोपनीय तरीके से दफनाया जा रहा है। कुछ दिन पहले भी देर रात को इसी तरह एक शव को गुपचुप तरीके से दफनाए जाने की घटना सामने आई थी, जिसके बाद से सर्व समाज में भारी आक्रोश है। समाज ने आरोप लगाया है, कि प्रशासन की लापरवाही और निष्क्रियता के कारण ऐसे तत्वों के हौसले बढ़ रहे हैं, जो इन अवैध गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। सर्व समाज ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन किया ।

## एक नजर

### सानिध्य का राष्ट्रीय शालेय क्रिकेट टीम में चयन

**जगदलपुर,4 दिसंबर (तछसं)।** सेजेस बस्तर के कक्षा 12वीं के छात्र सानिध्य सिंह ठाकुर ने जिले का नाम एक बार फिर रोशन किया है। अंडर-19 बालक क्रिकेट टीम में उनका चयन 25वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ां प्रतियोगिता 2025 के लिए हुआ है, जिसका आयोजन हरियाणा के पानीपत में 5 दिसंबर से किया जाएगा। पीएमश्री स्कूल मोझीम में आयोजित बस्तर जोन स्तरीय प्रतियोगिता में सानिध्य ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। तेज गति के गेंदबाज के रूप में पहचान बना चुके सानिध्य ने अपने बेहतरीन खेल से राष्ट्रीय स्तर तक जगह बनाने में सफलता हासिल की है। उनके चयन पर शाला परिवार में खुशी का माहौल है। शाला प्राचार्य पी.आर. लाऊत्रे, उपप्राचार्य के.पी. यादव, गणित व्याख्याता श्रीनिवास राव, वाणिज्य व्याख्याता गोपाल चंद्र रॉय और व्यायाम शिक्षक एवं कोच सागर शर्मा सहित समस्त स्टाफ ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### सावधान अब सीसीटीवी भी सुरक्षित नहीं रहे

**जगदलपुर,4 दिसंबर (तछसं)।** साइबर अपराधियों ने अब नई तरीका अपनाते हुए घरों और दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों को टारगेट करना शुरू कर दिया है। पिछले कुछ दिनों में ऐसे कई मामले सामने आए है, जहां ठगों ने कैमरे हैक कर घरों के अंदर की रिकॉर्डिंग हासिल की और ब्लैकमेल जैसी धमकियां तक दे डाली। खासकर महिलाओं की निजी गतिविधियों के वीडियो सार्वजनिक करने की धमकी देकर वसूली करने की कोशिश की जा रही है।

### सुरक्षाबलों के साथ नक्सलियों की चल रही मुठभेड़

**बीजापुर,4 दिसंबर (तछसं)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के पश्चिम बस्तर डिवीजन के जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच आज बुधवार सुबह से मुठभेड़ चल रही है। दोनों तरफ से रुक-रुककर गोलीबारी जारी है, फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। बस्तर आईजी सुंददराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि ककरते हुए बताया कि डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम पश्चिम बस्तर डिवीजन के जंगल की तरफ सर्च ऑपरेशन के लिए रवाना हुई थी। इसी बीच 3 दिसंबर को वहां पहले से ही घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी मोर्चा संभाला और नक्सलियों की गोलियों का जवाब दिया है। फिलहाल दोनों तरफ से रुक-रुककर गोलीबारी जारी है। विस्तृत जानकारी बाद में प्रदान की जायेगी।

### किसानों के हित में एकीकृत पोर्टल पर पंजीयन की समय-सीमा अब 15 दिसम्बर तक

**जगदलपुर,4 दिसंबर (तछसं)।** राज्य शासन ने किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है, जिससे विशेष श्रेणी के कृषकों को बड़ी राहत मिली है, जो एकीकृत किसान पोर्टल में कृषकों के पंजीयन के संबंध में है। कृषकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने उन कैरीफारवर्ड, डूबान, एवं वन पट्टाधारी कृषकों के पंजीयन हेतु विशेष प्रावधान उपलब्ध करा दिया है, जिनकी पंजीयन कार्यवाही विभिन्न विभागों में प्रक्रियाधीन होने की सूचना प्राप्त हुई थी। इन विशिष्ट कृषकों के पंजीयन के लिए 15 दिसंबर 2025 तक समस्त समितियों के समिति लॉगिन में यह सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य शासन ने इस महत्वपूर्ण सुविधा का लाभ सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों को तत्काल निर्देशित करने का अनुरोध किया है।

# तुहर टोकन एप किसानों के लिए बना सिरदर्द

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,4 दिसंबर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए सरकार ने धान खरीदी प्रक्रिया को सुगम बनाने के उद्देश्य से तुहर टोकन मोबाइल एप शुरू किया है। इस व्यवस्था के तहत 70 प्रतिशत टोकन एप के माध्यम से तथा 20 प्रतिशत टोकन लेम्पस द्वारा जारी किए जा रहे हैं। योजना का उद्देश्य किसानों को घर बैठे टोकन उपलब्ध कराना और समितियों में लगने वाली लंबी कतारों को समाप्त करना था, परंतु आदिवासी बाहुल्य बस्तर में यह सुविधा किसानों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है।ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकतर किसान अशिक्षित या कम शिक्षित हैं, जिसके कारण उन्हें एप संचालित करने में कठिनाई आ रही है। कई किसानों को टोकन प्राप्त करने के लिए च्वाइस सेंटर में अतिरिक्त शुल्क तक चुकाना पड़ रहा है। वहीं, शिक्षित किसान भी सर्वर समस्याओं, धीमी प्रक्रिया और बार-बार फेल होने वाले ओटीपी से परेशान बताये जा रहे हैं। किसान बताते हैं, कि धान कटाई के बाद खलिहान में सुखाने, बारदाना की कमी व बरसात से जूझने के बीच टोकन व्यवस्था ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। हैं। एप प्ले स्टोर पर उपलब्ध है और आधार आधारित ओटीपी से पंजीयन के बाद किसान सुबह 8 से शाम 5 बजे तक ऑनलाइन टोकन ले सकते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर यह सुविधा अभी तक प्रभावी साबित नहीं हो सकी है।

एप से टोकन, लेकिन शुल्क की मार- बस्तर के ग्रामीण किसान ऐप का उपयोग न कर पाने के कारण च्वाइस सेंटरों का सहारा ले रहे हैं, जहाँ उन्हें अतिरिक्त शुल्क अदा करना पड़ रहा है। कई किसानों ने शिकायत की है कि एप बार-बार हैंग हो जाता है और ओटीपी आने में देर लगती है, जिसके चलते टोकन मिलना और भी मुश्किल हो गया है।

**सुविधा का उद्देश्य, परेशानी में बदल गया**

सरकार ने धान खरीदी को सरल बनाने के लिए तुहर टोकन ऐप शुरू किया था, ताकि समितियों में भीड़ कम हो और किसान घर बैठे टोकन ले सकें। लेकिन तकनीकी दिक्कतें, नेटवर्क समस्या और किसानों की डिजिटल जानकारी की कमी के कारण यह व्यवस्था बस्तर में सुचारू रूप से काम नहीं कर पा रही है।

### बस्तर में अमीन भर्ती परीक्षा की तैयारियों को अंतिम रूप देने कार्यशाला आयोजित

**जगदलपुर, 4 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आगामी 07 दिसम्बर को आयोजित होने वाली जल संसाधन विभाग के अमीन भर्ती प्रवेश परीक्षा 2025 के निष्पक्ष एवं सुचारु संचालन हेतु बस्तर जिला प्रशासन ने अपनी कमर कस ली है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री हरीश एस के निर्देशानुसार 03 दिसम्बर को एक महत्वपूर्ण बैठक सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभा कक्ष में संपन्न हुई, जिसमें परीक्षा के सफल संचालन के लिए नियुक्त किए गए केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक, पुलिस नोडल अधिकारी और उड़नदस्ता दल के सदस्यों ने भाग लिया।

# अवैध दत्तक ग्रहण पर सख्त कार्रवाई होगी:नरेंद्र पाणिग्राही

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर,4 दिसंबर।** अवैध दत्तक ग्रहण की बढ़ती घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए बाल कल्याण समिति (प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायपीठ), बस्तर जिला के अध्यक्ष नरेंद्र पाणिग्राही ने स्पष्ट कहा है कि जिले में कानून से विपरीत किसी भी प्रकार का दत्तक ग्रहण किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अवैध दत्तक ग्रहण बच्चों की खरीद-फरोख्त, तस्करी, शोषण और पहचान से छेड़छाड़ जैसी गंभीर समस्याओं को जन्म देता है, जो बच्चों के मौलिक अधिकारों पर सीधा आघात है।

पाणिग्राही ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह दत्तक ग्रहण संबंधी कानूनी व्यवस्था का पालन करे और समाज में सही प्रक्रिया के प्रति जागरूकता फैलाए। बच्चे राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं, उनका भविष्य, सुरक्षा और पहचान हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।उन्होंने स्पष्ट किया कि वैध दत्तक ग्रहण केवल वात्सल्य पोर्टल एवं छ्त्र्क (केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण) की निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से ही संभव है। यह प्रणाली पारदर्शी, सुरक्षित और बच्चे तथा दत्तक ग्रहणकर्ता–दोनों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए विशेष रूप से बनाई गई हैपाणिग्राही ने बताया कि किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 (संशोधित 2021) के तहत अवैध दत्तक ग्रहण करने पर तीन वर्ष तक का कारावास, एक लाख रुपये तक का जुर्माना, या दोनों का प्रावधान है।सुप्रीम कोर्ट ने भी हाल के कई मामलों में उन दत्तक विलेखों को निरस्त किया है जिनमें छ्त्र्क की अनुमति, जैविक माता-पिता की विधिक सहमति या अनिवार्य प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया था।पाणिग्राही ने कहा कि अवैध दत्तक ग्रहण कई गंभीर समस्याओं को जन्म देता है, जैसे बच्चे की पहचान व जन्म संबंधी दस्तावेजों का गायब या अवैध हो जाना, शोषण, घरेलू हिंसा या तस्करी का जोखिम, स्कूल, स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी योजनाओं में बच्चे के अधिकारों का बाधित होना। भविष्य में दत्तक माता-पिता के साथ कानूनी विवाद या दत्तक प्रक्रिया के निरस्तीकरण की संभावना को भी बढ़ाती है। जिससे बच्चे के मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। बाल कल्याण समिति और जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा अवैध दत्तक ग्रहण पर सतत निगरानी रखी जा रही है। पाणिग्राही ने नागरिकों से अपील की कि यदि आसपास किसी संदिग्ध गतिविधि, अनधिकृत दत्तक सौदे, या बच्चों को बिना प्रक्रिया के सौंपने की जानकारी मिले, तो तुरंत बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्डलाइन 1098 या निकटतम पुलिस स्टेशन में सूचना दें।नरेंद्र पाणिग्राही ने आगे कहा कि दत्तक ग्रहण एक पवित्र और मानवीय प्रक्रिया है, लेकिन यह तभी सफल और सुरक्षित है जब यह कानूनन सही तरीके से किया जाए। अवैध दत्तक ग्रहण किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। नागरिकों से अपील करते हैं कि दत्तक ग्रहण हमेशा वात्सल्य पोर्टल और छ्त्र्क की वैधानिक प्रक्रिया के तहत ही किया जाए, इसी से बच्चे का भविष्य सुरक्षित रहेगा।

# 7 से 13 दिसंबर तक गीदम में दंतेश्वरी शिव महापुराण कथा





**दंतेवाड़ा,4 दिसंबर।** शिव महापुराण समिति गीदम द्वारा 7 से 13 दिसंबर तक कृषि उपज मंडी चौक हारम में श्री दंतेश्वरी शिव महापुराण कथा आयोजित की गई है। इस विशाल अनुष्ठान में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक भागवत भूषण परम पूज्य पंडित प्रदीप मिश्रा (सिहोर वाले) श्री शिव महापुराण कथा का रसपान कराएंगे। इस भव्य अनुष्ठान को निर्विघ्न संपन्न करने समिति गठित की गई है। सात दिवसीय अनुष्ठान में डेढ़ से 2 लाख शिव भक्तों के आने की संभावना है। शिव महापुराण समिति द्वारा कार्यक्रमों के रूपरेखा निर्धारित कर दी गई है। शनिवार 6 दिसंबर को सुबह साढ़े 10 बजे नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। वहीं रविवार 7 दिसंबर से शनिवार 13 दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक श्री दंतेश्वरी शिव महापुराण कथा का श्रवण भक्त कर सकेंगे। कथा स्थल कृषि उपज मंडी चौक हारम है। यह स्थल गीदम - बारसूर मार्ग के किनारे है।इस सात दिवसीय अनुष्ठान को निर्विघ्न संपन्न करने के लिए समिति का भी गठन किया गया है। जिसके मुख्य संरक्षक कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद महेश कश्यप, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, मुख्य यजमान विजय प्रसाद तिवारी, गुमरगुंडा आश्रम के स्वामी वसुधानन सरस्वती, पूर्व विधायक देवती कर्मा हैं। अनुष्ठान के मुख्य आयोजक विजय प्रसाद तिवारी और अभिलाष तिवारी हैं। शिव महापुराण समिति की कार्यकारिणी के अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष रजनीश सुराना, सचिव राकेश कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष कृष्णा चंद्र अवस्थी, महामंत्री राजेश (झल्लर) गुप्ता, मंत्री जगदीश राठी, व्यवस्थापक पंचू साहू और मीडिया प्रभारी हेमंत कश्यप हैं। बताते चलें कि केशकाल घाट के ऊपर दंडकारण के पठार में यह पहला आयोजन होगा, जिसमें प्रतिदिन कम से कम डेढ़ से दो लाख शिवभक्त कथा श्रवण करने उपस्थित रहेंगे। इसके लिए कई विशाल डोम तैयार किए जा रहे हैं

### महिला ने दुर्गुकोंदल थाने में अपने पति, सास और ससुर के खिलाफ दर्ज करवाई शिकायत

**कांकेर, 4 दिसंबर।** कांकेर जिले के दुर्गुकोंदल थाने में महाराष्ट्र की महिला ने अपने पति, सास और ससुर के खिलाफ आज मंगलवार को शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने उन पर मारपीट, जान से मारने की धमकी और दहेज की मांग सहित कई गंभीर आरोप लगाए हैं। मिली जानकारी के अनुसार महिला का नाम नेहा ठगेल है, जो कि भद्रावती तहसील के कुचना की रहने वाली है। उसका कहना है कि पिछली बार परिवार टूटने के डर और दबाव के कारण उसने शिकायत वापस ले लिया था। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि पति सूरज ठगेल, सास और ससुर ने मारपीट की और प्रताड़ित किया। इस मारपीट का कारण बेसन के पकौड़े खाना था, जिसके बाद मां-बहन की गालियां दी गईं और जान से मारने की धमकी भी दी गई है।

# विकास कार्यों में राशि की नहीं होगी कमी, प्राथमिकता से पूर्ण होंगे विकास के काम: किरण देव

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,4 दिसंबर।** नगर निगम क्षेत्र में अनवरत चल रहे विकास कार्यों की सौगात देते आज लाखों रुपए की विकास कार्यों का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने विधिवत लोकार्पण व भूमिपूजन किया।

शहर में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए लगातार पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जा रहा है जिसमें शहर के पं सुंदर लाल शर्मा वार्ड में 25 लाख की लागत से पुलिया निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इसी तारतम्य में शहर के बलिराम कश्यप वार्ड में पेवर ब्लाक कार्य जिसमें कार गैरज से अयप्पा मंदिर तक सड़क के दोनों तरफ पेवर ब्लाक कार्य का लागत 15 लाख रुपए से कार्य का भूमिपूजन किया गया।वहीं चंद्र शेखर आजाद वार्ड में हाऊसिंग बोर्ड कालोनी के पास व्यामशाला निर्माण कार्य लागत 20 लाख,जिम साम्प्रागी 25 लाख रुपए का विधिवत लोकार्पण भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव, महापौर श्री संजय पांडे एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। वहीं भूतहा तालाब के चारों तरफ बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य लागत 20 लाख रुपए एवं लालबाग उधान में सोलर हाईमास्ट लाइट लगाने के कार्य लागत 05.37 लाख रुपए का भूमिपूजन किया गया। कुल 01 करोड़ 10 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने कहा कि विकास कार्य अनवरत जारी रहेगा। विकास कार्यों में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जायेगी। शहर विकास में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। हमारे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी एवं उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव जी के



नेतृत्व में जगदलपुर विधानसभा में चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। श्री देव ने कहा कि शहर में जलभराव की स्थिति को देखते हुए हमारी सरकार का संकल्प की जनता को मूलभूत सुविधा देना जिसमें जलभराव की समस्या को दूर करने में पं सुंदर लाल शर्मा वार्ड में पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया है। साथ ही शहर में जलभराव की समस्या को दूर करने और पुलिया निर्माण कार्य किया जायेगा। श्री देव ने कहा क्षेत्र में विकास से जुड़े कार्य प्राथमिकता से पूर्ण होंगे। जिसमें जनता के मांग के अनुरूप चंद्रशेखर आजाद वार्ड में व्यामशाला निर्माण का लोकार्पण किया गया । जिसमें अब क्षेत्र के युवा एवं नागरिक गण नियमित रूप से व्यायाम कर सकेंगे। श्री किरण देव ने बताया क्षेत्र की जनता ने क्षेत्र में व्यामशाला निर्माण व व्यायाम साम्प्रागी की मांग आज पूरी हो गई। विकास अनवरत जारी रहेगा। सभी निर्माण कार्य समय सीमा में पूरा होगा।। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा सभी के सहयोग से सभी के समन्वय से विकास की गति तय हो रही है। जनमानस को मूलभूत सुविधा देना हमारा कर्तव्य है।

वहीं इस अवसर पर महापौर संजय पांडे ने कहा हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में प्रदेश का लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव के दूरगामी सोच का परिणाम शहर में हर क्षेत्र में लगातार चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। जिसमें व्यायाम शाला भवन निर्माण, पुलिया निर्माण कार्य एवं पेवर ब्लाक कार्य एवं लालबाग पार्क में सोलर हाईमास्ट लाइट लगाने के कार्य का लोकार्पण व भूमिपूजन किया । संजय पांडे ने कहा जगदलपुर शहर में जनमानस के मांग के अनुरूप विकास कार्य हो रहे हैं। लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम में एम आई सी सदस्य निर्मल प्रसाद पानीगाही , योगेन्द्र पांडे , सुरेश गुप्ता, श्वेता बघेल,संजय विश्वकर्मा, कलावती कसेर,,पार्षद नरसिंह राव,गिरजा गुप्ता, श्याम सुंदर, खगेंद्र ठाकुर, गायत्री बघेल,लोकेश चौधरी, संतोष गौर,नेहा धुव,एवं रजनीश पानी ग्राही, आर्येंद्र सिंह, श्रीमती सफीरा साहू,प्रदीप देवांगन, मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव , दिनेश,आंनद जी,श्री द्विवेदी, रामनरेश पांडे,मनीष मूलचंदानी, विक्रम शर्मा,राजपाल कसेर, श्रीमती मिथलेश ईनाणी,बी जयराम, ममता पोटाई,सुधा मिश्रा,लक्ष्मी कश्यप,परेश ताटी, योगेश मिश्रा,पंकज आचार्य ,नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा,कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज ,निगम के अधिकारी ,कर्मचारी ,काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे ।

# वास्तविक किसानों को धान विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी न हो : कलेक्टर


■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 4 दिसम्बर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य को सुचारू व पारदर्शी बनाने जिले में प्रशासनिक मॉनिटरिंग लगातार जारी है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने रायगढ़, पुसौर और खरसिया विकासखंड के धान उपार्जन केंद्रों कोतरा, केसला, जैमुरा और चपले का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी और केंद्र प्रबंधकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि वास्तविक किसानों को धान विक्रय में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिचौलियों और कोचियों के माध्यम से अवैध खरीद-फरोख्त किसी भी स्तर पर नहीं होना चाहिए, इसके लिए पूर्ण सतर्कता बरती जाए। कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों को अपने-अपने उपार्जन केंद्रों की कड़ी निगरानी, सूचना तंत्र को मजबूत करने तथा खरीदी की प्रत्येक प्रक्रिया का सटीक पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।धान की ढेरी लगाकर खरीदी करें, नमी अवश्य मापेंकलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों में व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए कहा कि किसानों द्वारा



लाए गए धान की नमी का परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए। धान की ढेरी लगाकर सुव्यवस्थित खरीदी करें। तौल मशीन की सटीकता सुनिश्चित करें। शासन द्वारा धान खरीदी हेतु जारी सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि केसला उपार्जन केंद्र में अब तक 104 किसानों से 5498 क्विंटल धान खरीदा गया। कोतरा उपार्जन केंद्र में 28 किसानों से 1764 क्विंटल धान की खरीदी, जैमुरा उपार्जन केंद्र में 21 किसानों से 1086 क्विंटल खरीदी, 8 किसानों द्वारा 0.169 हेक्टेयर रकबा समर्पित किया गया है। चपले उपार्जन केंद्र में 76 किसानों से 3351.20 क्विंटल खरीदी, 41 किसानों से 1.238 हेक्टेयर रकबा समर्पित किया गया है।कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों में स्टैकिंग, बारदाना उपलब्धता और आगामी दिनों की खरीदी लिमिट को लेकर भी विस्तृत समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान रायगढ़ एसडीएम श्री महेश शर्मा, खरसिया एसडीएम श्री प्रवीण तिवारी सहित राजस्व, खाद्य, कृषि तथा मंडी समिति के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



# संवेदनशीलता और पारदर्शिता से हो रही धान खरीदी, किसानों को हो रही सहूलियत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 4 दिसम्बर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले के 105 धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी कार्य पूरी पारदर्शिता, संवेदनशीलता और सुव्यवस्था के साथ जारी है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार उपार्जन केंद्रों में पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, तौल-कांटा, बारदाना एवं स्टैकिंग जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है।

जिले में अब तक 4123 टोकन जारी किए जा चुके हैं, जिनके आधार पर किसानों से सुगमतापूर्वक धान खरीदी की जा रही है। टोकन व्यवस्था के कारण किसानों को निर्धारित समय पर केंद्र में पहुंचकर बिना किसी भीड़-भाड़ और इंतजार के धान बेचने की सुविधा मिल रही है। पंजीकृत टोकनों के विरुद्ध खरीदी का प्रतिशत 99.39 दर्ज किया गया है, जो इस व्यवस्था की पारदर्शिता और प्रभावशीलता को दर्शाता है।

### किसानों ने जताया आभार सुविधाओं से पूरी तरह संतुष्ट

धान विक्रय के लिए उपार्जन केंद्र कोड़ातराई पहुंचे लोहरसिंह के सीमांत किसान श्री कार्तिकेश्वर गुप्ता ने बताया कि उन्होंने ढाई एकड़ खेत में धान की फसल ली थी और 42 क्विंटल धान विक्रय के लिए ऑनलाइन टोकन लिया। उन्होंने कहा कि टोकन कटाने से लेकर धान विक्रय तक किसी भी चरण में कोई परेशानी नहीं हुई। केंद्र में पेयजल, बैठने की व्यवस्था, तौल-कांटा, बारदाना और स्टैकिंग सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह सरल, सुरक्षित और पारदर्शी है। उन्होंने शासन और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस व्यवस्था से किसानों का समय और श्रम दोनों



■ हमारी उपज का सही दाम मिल रहा है- किसानों की प्रतिक्रिया

की बचत हुई है।धान बेचने पहुंचे अन्य किसानों ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार इस वर्ष धान खरीदी व्यवस्था और भी बेहतर और किसान हितैषी साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से तथा प्रति एकड़ 21 क्विंटल की मानक उपज के आधार पर धान खरीदा जा रहा है। इससे हमारे परिश्रम और फसल का वास्तविक मूल्य मिल रहा है। इसके लिए हम मुख्यमंत्री श्री साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभारी हैं। किसानों ने कहा कि प्रशासन द्वारा बनाई गई सरल, सुचारू और पारदर्शी व्यवस्था के कारण वे पूरी तरह संतुष्ट हैं।

### सखी वन स्टॉप सेंटर में नियुक्ति प्रक्रिया पर दावा-आपत्ति 9 दिसंबर तक

रायगढ़, 4 दिसम्बर। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर, रायगढ़ में विभिन्न पदों पर सेवा प्रदाता के चयन प्रक्रिया जारी है। सेंटर संचालन हेतु पैरालिगल कार्मिक/वकील 01 पद, पैरामेडिक कार्मिक 01 पद तथा सुरक्षा गार्ड/नाइट गार्ड 03 पद के लिए पूर्व में जारी विज्ञापन के आधार पर प्राप्त आवेदनों की पात्रता सूची प्रकाशित कर दी गई है महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी एल.आर.कच्छप ने बताया कि आवेदक अपने दावा-आपत्ति 9 दिसंबर 2025 तक कार्यालयीन समय में सीधे कार्यालय में या रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

## एक नजर

### खेल महोत्सव 5-6 दिसम्बर को घरघोड़ा में,खिलाड़ियों को मिलेगा खेल प्रतिभा निखारने का मौका

**रायगढ़, 4 दिसम्बर (तछसं.)।** रायगढ़ जिले में खेल भावना और युवा ऊर्जा को नया आयाम देने जा रहे जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव की तैयारियाँ अब अंतिम चरण में हैं। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आयोजन की व्यापक तैयारियों को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को अलग-अलग दायित्व सौंप दिए हैं तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को शीघ्रतापूर्वक मूर्त रूप देने के निर्देश जारी किए हैं।जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 05 से 06 दिसम्बर 2025 तक विकासखण्ड घरघोड़ा के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय मैदान एवं क्रिकेट मैदान में भव्य स्वरूप में किया जा रहा है। जिलेभर की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने, प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण विकसित करने और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित यह महोत्सव रायगढ़ जिले के प्रमुख खेल आयोजनों में शामिल हो गया है।इस दो दिवसीय महोत्सव के अंतर्गत 05 दिसम्बर को महिला वर्ग तथा 06 दिसम्बर को पुरुष वर्ग की खेल प्रतियोगिताएँ होंगी। जिले के सभी विकासखण्डों से आई महिला एवं पुरुष खिलाड़ी विभिन्न खेल विधाओं में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन में लगभग 1200 प्रतिभागियों-खिलाड़ियों, ऑफिसियल्स, निर्णायकों एवं सहयोगी दलों की सहभागिता अपेक्षित है, जिससे खेल मैदानों पर उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिलेगा।आयोजन समिति द्वारा खिलाड़ियों के ठहराव, भोजन, सुरक्षा, खेल सामग्री, चिकित्सा सुविधा तथा प्रतियोगिताओं के संचालन की सभी आवश्यक तैयारियाँ प्रगति पर हैं। कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रत्येक व्यवस्था को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर बल दिया जा रहा है।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 9 से 10 दिसम्बर तक

**महासमुन्द 4 दिसंबर।** राज्य के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य शासन के द्वारा युवा उत्सव का आयोजन जिला एवं राज्य स्तर पर किया जाना है। प्रतिभागियों का पंजीयन माई भारत पोर्टल में किया जाना है। एक प्रतिभागी किसी भी स्तर के प्रतिस्पर्धा हेतु केवल 01 विद्या में भाग ले सकेगा। 01 प्रतिभागी एक से अधिक विधाओं में सम्मिलित नहीं हो सकते।आयोजन का स्तर जिला स्तर पर 24 नवम्बर से 05 दिसंबर 2025 के मध्य, राज्य स्तरीय युवा उत्सव 22 से 24 दिसम्बर संभावित है। जिसे प्रतिभागियों के लिए आयु वर्ग 15 से 29 वर्ष तक तथा संगतकारों का 18 से 40 वर्ष तक निर्धारित है। सम्मिलित विधाओं में लोकनृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोक गीत में 10-10 प्रतिभागी शामिल होंगे। इसी तरह वाद-विवाद, नवाचार( साइंस मेला), पारंपरिक वेशभूषा में 02-02, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन में 01-01, एकांकी मे 12, रॉक बैंड में 10 विजेता प्रतिभागी राज्य स्तर पर शामिल होंगे। जिले के प्रतिभागी/कलाकार जिनकी उम्र 15 से 29 वर्ष हो वह जिला स्तरीय युवा उत्सव में शामिल हो सकेंगे। समस्त प्रतिभागियों को माई भारत पोर्टल में पंजीयन किया जाना आवश्यक है।

### देशव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा 7 दिसम्बर को

महासमुंद, 4 दिसम्बर । उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 07 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक नव शिक्षार्थियों के आंकलन हेतु देशव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण श्री विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण श्री हेमंत रमेश नंदनवार के समन्वय से किया जा रहा है।

इस शिक्षार्थी आंकलन परीक्षा में 15 वर्ष से अधिक आयु समूह के नवसाक्षरों को शामिल किए जाएंगें। जिले में शिक्षार्थियों के आंकलन हेतु 492 परीक्षा केन्द्रों जिले के नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत क्षेत्र के लिए बनाया गया है। उक्त केन्द्र के लिए 492 केन्द्राध्यक्ष सह पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई है। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिले से 9939 शिक्षार्थियों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा में शामिल होने का लक्ष्य रखा गया हैं। इसके लिए शिक्षार्थी अपनी सुविधा अनुसार निर्धारित समय के भीतर आंकलन परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। शिक्षार्थी को प्रश्न.पत्र हल करने के लिए तीन घण्टे का समय निर्धारित है। प्रश्न पत्र के तीन भाग पढ़ना, लिखना और गणित है। प्रत्येक भाग 50 अंकों का होगा और सभी प्रश्नों का उत्तर देना होगा।

# प्रसव विशेषज्ञ डॉ. टीके साहू ने कराई कठिन डिलीवरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया,4 दिसंबर।** बेहतरीन उपचार एवं मृदुभाषी व्यवहार के लिए प्रसिद्ध खरसिया नगर के प्रसव विशेषज्ञ रायगढ़ मेडिकल कालेज में पदस्थ प्रोफ़ेसर एवं गायनिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर टी. के. साहू उच्च जोखिम युक्त प्रसव के मामले में सुर्खयों पर आ गए हैं ! उनके निपुण उपचार एवं प्रसव शैली की वजह से रायगढ़ जिले के अतिरिक्त अन्य समीपवर्ती जिले तथा उड़ीसा प्रान्त की गर्भधारित महिलाओं द्वारा जोखिम युक्त प्रसव निदान के लिए रायगढ़ मेडिकल कालेज को प्राथमिकता दी जा रही है ! विगत दिनों प्रसव विशेषज्ञ डॉ साहू द्वारा उच्च जोखिम युक्त प्रसूता नूरजहाँ की दुर्लभ डिलीवरी कराई गई ! ज्ञात हुआ है कि उक्त महिला का ब्लड प्रेशर हाई हो जाने की वजह से उसे सिविल अस्पताल खरसिया में भर्ती कराया गया ! 20 सप्ताह से गर्भस्थ उक्त महिला का ब्लड प्रेसर नियंत्रित नहीं होने की वजह से भ्रूण का विकास शिथिल हो गया ! माता और शिशु के समक्ष जीवन का खतरा



उत्पन्न होने पर चिकित्सकों द्वारा गर्भ समाप्ति का परामर्श दिया गया ! चिकित्सकों ने बताया कि 20 सप्ताह गर्भ वाली गर्भवती का बीपी नियंत्रित नहीं होने पर भ्रूण के समक्ष पोषक तत्व एवं आक्सीजन इत्यादि जीवनउपयोगी पदार्थों की आपूर्ति बाधित हो जाती है ! वहीं दूसरी ओर प्रसूता के समक्ष झटके का दौरा, मस्तिष्क एवं किडनी विकार के अतिरिक्त लकवा ग्रस्त होने की संभावना प्रबल हो जाती है ! अत~ माता का जीवन बचाने के लिए गर्भस्थ शिशु को गर्भ से बाहर निकालना आवश्यक हो जाता है ! किन्तु गर्भवती नूरजहाँ केस में समस्या विपरीत हो गई थी ! 15 वर्ष पूर्व प्रथम संतान को सिजीरियन जन्म देने के उपरान्त उसे दूसरा गर्भ ठहरा था ! अत~ नार्मल डिलीवरी एवं सिजीरियन डिलीवरी के समक्ष उत्पन्न जोखिम की वजह से उसे मेडिकल कालेज रायगढ़ रिफर करने हेतु बाध्य होना पड़ा । अंततः रायगढ़ मेडिकल कालेज के प्रसव विशेषज्ञ डाक्टर टी के साहू द्वारा उच्च जोखिम युक्त महिला की बिना ऑपरेशन नार्मल डिलीवरी सम्पन्न कराई गई ! मेडिकल कालेज सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार डाक्टर त्रिभुवन कुमार साहू पेट एवं बच्चेदानी से 28-30 किलो का ट्यूमर निकालने में सफल सिद्ध हुए हैं ! विगत माह उनके द्वारा आपस मे शरीर से जुड़े हुए जुड़वाँ बच्चे का सामान्य तौर पर आश्चर्य जनक मृत जन्म कराया गया !

### स्वास्थ्य विभाग ने किया ठंड से बचाव के लिए निर्देश जारी

**महासमुंद, 4 दिसम्बर ।** देश भर के 17 राज्य के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में भी ठण्ड महसूस की जा रही है, शीतलहर का मौसम सर्दियों के दौरान नवम्बर से मार्च तक रहता है जिसमें दिसम्बर एवं जनवरी में अधिक ठण्ड रहती है। वर्तमान में चल रहे मौसम को लेकर और आने वाले शीत लहर को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव द्वारा जिले के आम जनता से अपील करते हुए कहा है कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं भारत मौसम विज्ञान केन्द्र द्वारा अलर्ट जारी किया गया है कि माह दिसंबर से जनवरी के बीच ठंड की व्यापकता शीतलहर का रूप लेती है। इस वर्ष भी दिसम्बर माह से ठंड प्रारंभ हो जाएगी जिस संबंध में बचाव हेतु दिशा निर्देश स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किया गया है।

# स्वच्छता में जिले को ओडीएफ प्लस बनाने गंभीरता से करें कार्य:जिला पंचायत सीईओ



**रायगढ़, 4 दिसम्बर।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जिले को ओडीएफ प्लस बनाने के लिए आज कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे ने स्वच्छता संबंधी योजनाओं की प्रगति और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण की प्रगति, जियो-टैगिंग, डीबीटी भुगतान, हमारा शौचालय-हमारा भविष्य अभियान में नामांकन, सामुदायिक शौचालयों के अधूरे कार्य, ओडीएफ प्लस गतिविधियों, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, शुल्क वसूली, प्लास्टिक व ठोस कचरा प्रबंधन, एफएसटीपी एवं पीडब्ल्यूएमयू संयंत्रों की कार्यशीलता सहित प्रमुख बिंदुओं पर समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिला पंचायत सीईओ श्री पठारे ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता से जुड़ी गतिविधियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने मैदानी अमले को नियमित मॉनिटरिंग और फोटो अपलोडिंग एवं गूगल शीट और पोर्टल पर समय पर रिपोर्ट अद्यतन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कार्यों में जनभागीदारी को बढ़ाना, निगरानी तंत्र को मजबूत करना तथा नवीन पहलें अपनाना आवश्यक है, ताकि जिला ओडीएफ प्लस की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सके। स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में अतिरिक्त सीईओ श्री महेश पटेल, एपीओ जिला पंचायत स्वच्छता अधिकारी तथा स्वच्छता अभियान से जुड़े अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# श्रीरामलला दर्शन योजना से श्रद्धालुओं के सपने हो रहे साकार, 102 श्रद्धालु अयोध्या धाम के लिए रवाना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 4 दिसम्बर।** श्रीरामलला दर्शन योजना से जिले के श्रद्धालुओं के सपने साकार हो रहे है। योजना के तहत श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम में भगवान श्री रामलला का दर्शन करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इसी क्रम में आज योजना के तहत रायगढ़ जिले से 102 श्रद्धालुओं का 12 वां जत्था बिलासपुर रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हुआ। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र से 78 एवं नगरीय क्षेत्र से 24 श्रद्धालु शामिल है। श्रद्धालु को रायगढ़ जिला मुख्यालय से बस के माध्यम से बिलासपुर रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया गया, जहां से वे विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्या धाम की ओर प्रस्थान करेंगे। इस योजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं को अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन के साथ वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर के दर्शन और गंगा आरती का सौभाग्य प्राप्त होगा। श्री रामलला दर्शन योजना का लाभ उठाने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन, आवास एवं आवागमन की समुचित व्यवस्था शासन द्वारा सुनिश्चित की गई है। रायगढ़ से रवाना होने के दौरान श्रद्धालुओं में तीर्थ यात्रा को लेकर विशेष उत्साह एवं आस्था का वातावरण देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने कहा कि इस योजना से उनकी वर्षों से संजोया श्री रामलला



दर्शन का सपना अब साकार होने जा रहा है। श्रद्धालुओं ने भावुकता के साथ कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की इस पहल ने हमें जीवन का अमूल्य अवसर दिया है, जिसके लिए हम उनके आभारी हैं। बचपन से रामायण में रामजन्मभूमि की कहानी सुनते आए थे, लेकिन अब पहली बार उस धरती पर जाने का सौभाग्य मिल रहा है।

### क्या है श्री रामलला दर्शन योजना

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरुप छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई श्री रामलला दर्शन योजना एक पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य राज्य के नागरिकों को अयोध्या में राम मंदिर के निःशुल्क दर्शन का अवसर प्रदान करना है। इस योजना के तहत, यात्रा, भोजन, आवास, और स्थानीय परिवहन सहित सभी खर्च छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा वहन किए जाते हैं। लाभार्थियों का चयन जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जाता है। आवेदन प्रक्रिया और विस्तृत दिशा-निर्देश संबंधित जिले के तहसील या उप-तहसील कार्यालयों में उपलब्ध होते हैं। इस यात्रा पैकेज में वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर के दर्शन और गंगा आरती भी शामिल होती है। यह योजना धार्मिक आस्था के साथ-साथ सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का प्रतीक है।

# रायगढ़ जिले के 1033 पोलिंग बूथ में डिजिटाइजेशन पूर्ण



**रायगढ़, 4 दिसम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत जिले के 1033 पोलिंग बूथ में शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। सबसे उल्लेखनीय उपलब्धि यह रही कि धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र जिले में पहला ऐसा विधानसभा बना, जहाँ शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन का लक्ष्य पूर्ण हुआ है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी ने इस उपलब्धि के लिए समस्त प्रशासनिक अधिकारियों और बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) को बधाई दी। उन्होंने कहा कि एसआईआर कार्य निर्वाचन आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है>

जिसकी सतत निगरानी की जा रही है। कलेक्टर ने शेष बूथों के बीएलओ को निर्धारित समय-सीमा में शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्ट्रेट में कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने 08 उत्कृष्ट बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इनमें श्रीमती पायल चंद्रिकापुरे, बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता (रायगढ़-85), श्री राजेश दास बैरागी, बीएलओ सुपरवाइजर, राजस्व उप निरीक्षक, श्रीमती मंजू शर्मा, सहायक शिक्षक (अभिहित अधिकारी), श्री सुशील गुप्ता, प्रधान पाठक (मास्टर ट्रेनर), श्रीमती शकुन्तला देवी बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता (रायगढ़-02), श्रीमती अनिता नायक बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता (रायगढ़-81), श्रीमती गीता गुप्ता, बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता (रायगढ़-82) और श्रीमती मेनका कुर्रे, बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता (रायगढ़-84) शामिल है। कलेक्टर ने सभी बीएलओ को अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित भाव से कार्य करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

### जिले में 99 प्रतिशत से अधिक डिजिटाइजेशन पूर्ण

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 9,14,669 मतदाताओं में से 9,06,171 से अधिक का डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जो कि 99 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने बताया कि लैलूंगा विधानसभा में 99.97 प्रतिशत, रायगढ़ विधानसभा में 98.43 प्रतिशत, खरसिया विधानसभा में 99.97 प्रतिशत और धरमजयगढ़ विधानसभा में 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

उन्होंने बताया कि जिले में कुल पोलिंग बूथ की संख्या 1156 है, जिसमें 60-80 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूर्ण करने वाले बूथ की संख्या 02 है। 80-99 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूर्ण करने वाले बूथ की संख्या 121 है। वहीं 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण करने वाले पोलिंग बूथ की संख्या 1033 है। उन्होंने बताया कि शेष पोलिंग बूथों में डिजिटाइजेशन कार्य तेजी से जारी है और जल्द ही पूरे जिले में 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा।

# जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू रूप से संचालित

**महासमुंद,4 दिसंबर।** राज्य सरकार की मंशानुरूप जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सभी उपार्जन केंद्रों में पूरी पारदर्शिता और सुव्यवस्थित व्यवस्था के साथ जारी है। किसान ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से टोकन कटवा कर अपनी उपज बेच रहे हैं और समय पर उचित मूल्य मिलने से शासन की इस पहल को सराह रहे हैं।इसी क्रम में बिरकोनी उपार्जन केंद्र में किसान उत्साहपूर्वक अपनी उपज लेकर केंद्रों पर पहुँच रहे हैं। ग्राम बिरकोनी के किसान मनोहर चंद्रवंशी ने डेढ़ एकड़ खेत से उपार्जित 30 क्विंटल धान की बिक्री की। उन्होंने खरीदी केंद्र में ही ऑफलाइन टोकन बनवाया और बताया कि सरकार की व्यवस्था से उन्हें बिना किसी परेशानी के समय पर समर्थन मूल्य मिल रहा है। इसके लिए उन्होंने शासन का आभार व्यक्त किया।

इसी गांव के किसान दुष्यंत साहू ने अपनी 3 एकड़ 35 डिसमिल भूमि से उत्पन्न 70 क्विंटल धान बेचा। उन्होंने भी ऑफलाइन टोकन सुविधा का लाभ लिया। उनका कहना है कि खरीदी केंद्र की प्रक्रिया बिल्कुल सुगम रही और कहीं कोई दिक्कत नहीं आई। उन्होंने भी राज्य सरकार की पारदर्शी और किसान हितैषी व्यवस्था की



सराहना की। ग्राम बिरकोनी के ही कृषक विजय वैष्णव ने 3.5 एकड़ जमीन से उत्पादित 76 क्विंटल धान बेचा। उन्होंने बताया कि खरीदी केंद्र में सभी व्यवस्थाएँ सुव्यवस्थित थीं, जिससे वे आसानी से अपनी उपज बेच पाए।किसानों का कहना है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है और खेती के प्रति उत्साह बढ़ा है। जिले भर में इन दिनों हजारों किसान खरीदी केंद्रों पर पहुँचकर अपनी उपज बेच रहे हैं। सहकारी समितियाँ और खरीदी केंद्र चुस्ती से काम कर रहे हैं ताकि किसी भी किसान को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### टोकन तुंहर हाथ एप की किसान भागीरथी साहू ने की तारीफ

**धमतरी, 4 दिसंबर।** तकनीक और पारदर्शी प्रशासन का प्रभाव जब जमीन पर दिखता है, तब उससे सबसे अधिक लाभ आमजन को मिलता है। भटगांव के किसान श्री भागीरथी साहू इसका सशक्त उदाहरण हैं। परंपरागत रूप से किसानों को धान विक्रय के समय लंबी लाइनों में लगना पड़ता था, कई बार असुविधाओं और समय की बर्बादी का सामना करना पड़ता था। परंतु इस वर्ष, राज्य सरकार द्वारा लागू टोकन तुहर हाथ मोबाइल ऐप ने उनकी पूरी प्रक्रिया बदल दी।साहू ने घर बैठे ही कुछ ही मिनटों में ऑनलाइन टोकन प्राप्त किया। न कोई भीड़, न कोई प्रतीक्षाकृसिर्फ मोबाइल पर कुछ क्लिक और प्रक्रिया पूरी।

# कांग्रेस में कुरूद को मिली बड़ी जिम्मेदारी

## तारणी चंद्राकर को जिला अध्यक्ष बनाया तो वहीं पूर्व विधायक कुरूद लेखराम साहू राष्ट्रीय समन्वयक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद, 4 दिसम्बर।** धमतरी जिला की राजनीति कुरूद विधानसभा में केंद्रित होती दिखाई दे रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों की माने तो धमतरी जिले में भाजपा की राजनीति कुछ वर्षों से कुरूद में केंद्रित है उसी तर्ज पर कांग्रेस पार्टी में भी राजनीति का केंद्र बिंदु कुरूद की ओर अग्रेषित होते प्रतीत होता है। जिसका परिणाम जिला अध्यक्ष तारणी चंद्राकर और राष्ट्रीय समन्वयक लेख राम साहू को मिली बड़ी जिम्मेदारी नाम नहीं छापने के तर्ज पर धमतरी के कुछ कांग्रेसी नेताओं ने कहा। यह धमतरी का दुर्भाग्य है। कि जिला मुख्यालय होने के बाद भी दोनों राष्ट्रीय पार्टियों ने धमतरी को उतना महत्व नहीं दिया जितना मिलना चाहिए।

पूर्व विधायक लेख राम साहू को पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय समन्वयक में स्थान देकर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में उत्साह भर दिया है। वहीं लेख रामसाहू ने अपने इस



नियुक्ति का सारा श्रेय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे नेता प्रतिपक्ष, राहुल गांधी राष्ट्रीय प्रशासनिक महामंत्री वेणु गोपाल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रभारी, सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्य मंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंह देव, पूर्व कैबिनेट मंत्री धनेंद्र साहू, ताम्रध्वज साहू, सहित प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। विदित हो कि तारिणी चंद्राकर शुरू से ही सक्रिय राजनीति में रही है। चंद्राकर इसके पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी में सह सचिव की ज़िम्मेदारियों का बखूबी निर्वाहन कर चुकी है। इसी प्रकार वे जिला पंचायत धमतरी में सभापति रहते हुए जिले में निवास अंतिम छोर के व्यक्ति को शासन के योजनाओं से लाभान्वित करने का भरसक प्रयास किया। उनके तेजतर्रार वाकपटुता एवं हाजिर जवाब कार्यशैली को देखते हुए प्रदेश संगठन ने कांग्रेस कमेटी में प्रवक्ता जैसी अहम म्जिम्मेदारी भी सौपी थी। उम्मीद की जा रही है कि उनके उपरोक्त गुणों एवं कार्यशैली से धमतरी जिला आगामी दिनों में निश्चित ही और भी मजबूती प्रदान करेगा।

## समाचार संक्षेप

### प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी बने भिलाई विधानसभा प्रभारी, कार्यकर्ताओं में हर्ष



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 4 दिसम्बर।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यालय द्वारा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशानुसार विधानसभा प्रभारी की नियुक्ति की गई है। जिसमे पूर्व विधायक व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती को भिलाई का प्रभारी बनाया गया है।

भारती को भिलाई विधानसभा का प्रभारी बनाए जाने से कार्यकर्ताओ में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। भारती को प्रभारी बनाए जाने पर प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक शशिकांत द्विवेदी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेंदर सिंग बनोआना, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील चीकू जैन, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, प्रकाश चोवड़िया, कुलवंत कक्कड़, प्रदीप बाघ, तुलसी मिश्रा, नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बनोआना, महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ, मंडल महामंत्री विनीत यादव, विनय बंसल, सांसद प्रतिनिधि तरुण हत्थेल, नपा सभापति अमित जैन, रेखा राजेश राघौते, देवेंद्र साखरे, हरीश मोटघरे, सुमित ताम्रकार, पार्षद शिवांगी साखरे, बबीता मलागार, शारदा यादव, अनीश निर्मलकर, भाजपा कोषाध्यक्ष भागवत नामदेव, उपाध्यक्ष, अनिल पांडे, अलका जयेश सहारे, सरफराज नवाज, एस पी मिश्रा, कैलाश सोनवानी, लक्ष्मी यादव, सुषमा कोठारी, अनीता इंदुलकर, आकाश राजपूत, विवेक मोनू भंडारी, विजेंद्र सिंह ठाकुर, लोकेश इंदुलकर, मुकुंद कडरा, ओम कोठारी, डिंपी महापात्रे, कुंदन साहू, मिथिलेश साहू, चितरंजन साहू, कन्हैया अग्रवाल, ऋषभ लारोंकर, दीपक ठाकुर, ओम प्रकाश सहारे, महेश सहारे, आवेश निगम, शुभम परिहार, विक्रांत राजपूत, बादल मरस्कोले, कैलाश मेश्राम, गिरीश साहू, रामकुमार डरसेना, हिमांशु सेन, आदित्य मिश्रा, अजय शर्मा सहित अन्य शामिल है।

## एक नजर

### गैतरा में धान चोरी करने वाला गिरफ्तार, 25 कट्टा धान जब्त

**बलौदाबाजार, 4 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दुर्गेश साहू निवासी ग्राम गैतरा द्वारा



रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि हार्वेस्टर में कटाई करने के बाद अपने खेत के धान को गुडी चौक में रखा था एवं उसकी सुरक्षा के लिए 1 दिसम्बर को अपने परिवारजनों के साथ वहीं पर सो गया था। कि 1-2 दिसम्बर की दरम्यानी रात लगभग 03:00 बजे देखा कि आरोपी मनीराम साहू, प्रार्थी के एक कट्टा धान को चोरी कर सिर में रखकर ले जा रहा था, जिसे चिल्लाने पर वह तुरंत भाग गया। तत्पश्चात प्रार्थी द्वारा धान को गिनती कर देखा गया तो 35, 000 कीमत मूल्य का 25 कट्टा धान आरोपी मनीराम द्वारा चोरी कर लिया गया था। कि रिपोर्ट पर थाना गिधपुरी में अपराध क्रमांक 165/2025 धारा 303(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना गिधपुरी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी मनीराम साहू को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा गुडी चौक भवन के पास रखे प्रार्थी एवं उसके परिवारजनों के धान को चोरी करना एवं उक्त धान को तलाब के पास किनारे में छुपा कर रखना बताया गया। कि प्रकरण में आरोपी से चोरी का कुल 47.160 किलोग्राम धान जप्त किया गया तथा आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समस्त प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया है। आरोपी का नाम मनीराम साहू उम्र 55 साल निवासी ग्राम गैतरा थाना गिधपुरी है।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 17 दिसम्बर को

**बलौदाबाजार, 4 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष की भांति जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 17 दिसम्बर 2025 को किया जायेगा। इस उत्सव में विभिन्न विधाओं में 15 से 29 वर्ष तक एवं 18 से 40 वर्ष तक के प्रतिभागी भाग ले सकते है। जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर तक होगा। एक प्रतिभागी किसी भी स्तर के प्रतिस्पर्धा के लिए केवल 1 विधा में ही भाग ले सकेगा। जिसमें लोकनृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोकगीत, वाद विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, पारंपरिक वेशभूषा एवं रॉकबैंड जैसी विधाओं को शामिल किया गया है। जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता का पंजीयन कराने हेतु प्रभारी नोडल अधिकारी विकासखण्ड बलौदाबाजार शिव कुमार बांधे 9926170385, भाटापारा शरद पंसारी 7489780844, सिमगा हरबंश निषाद 7771839377, कसडोल आलोक मिश्रा 9009369007 एवं पलारी ईश्वर साहू 9826129975 एवं कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण कुटुम्ब न्यायालय भवन के प्रथम तल के कक्ष क्रमांक 24 बलौदाबाजार 9827461266, 7999266509 में निर्धारित प्रपत्र के साथ स्वयं भी पंजीयन करा सकते है एवं माई भारत युवा पोर्टल में अपना रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। इच्छुक प्रतिभागी पंजीयन फार्म दो फोटो, जाति-निवास प्रमाण, आाधार बैंक पासबुक एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति संलग्न कर सकते है। पंजीयन हेतु अंतिम तिथि 11 दिसम्बर 2025 समय में जमा कर सकते है।

अंबागढ़ चौकी में जनजाति गौरव सम्मान समारोह का आयोजन

# केंद्र व राज्य सरकार आदिवासियों के हितों की रक्षा व उनके सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित : मुख्यमंत्री साय

- 475 करोड़ रुपए से अधिक विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण
- अंबागढ़ चौकी को राजस्व अनुविभाग बनाने तथा ऑडिटोरियम निर्माण करने की घोषणा की
- महतारी वंदन योजना की 22वीं किस्त की राशि का हितग्राहियों के खाते में किया अंतरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**मोहला, 4 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार आदिवासियों की हितों की रक्षा एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित है। मुख्यमंत्री साय आज मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के अंबागढ़ चौकी क्रिकेट मैदान में आयोजित जनजाति गौरव दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। साय कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडे, खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भोजेश शाह, नगर पालिका निगम राजनांदगांव के अध्यक्ष मधुसूदन यादव, जिला पंचायत राजनांदगांव के अध्यक्ष जिला किरण वैष्णव, पूर्व विधायक संजीव शाह, जनजाति गौरव समाज के प्रदेश अध्यक्ष एमडी ठाकुर वरिष्ठ जनप्रतिनिधि देवलाल ठाकुर, दिलीप वर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा समाज प्रमुख गण उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने 475 करोड़ रुपए से अधिक विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। समारोह में मुख्यमंत्री साय ने अंबागढ़ चौकी को राजस्व अनुभाग बनाने तथा अंबागढ़ चौकी में सर्व सुविधायुक्त ऑडिटोरियम निर्माण करने की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने आज आयोजित समारोह के माध्यम से जनप्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुखों द्वारा प्रस्तुत किए गए सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन भी दिया। समारोह में साय ने वर्चुअल माध्यम से महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रदेशभर के हितग्राहियों के खाते में के 22वीं किस्त की राशि का अंतरण भी किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले केंद्र सरकार के द्वारा जनजाति समाज के उत्थान एवं हितों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि धरती आबा जन भागीदारी एवं ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से जनजाति परिवार के लोगों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। इसके अलावा केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा विशेष पिछड़ी जनजातियों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री जनमन एवं ग्राम उत्कर्ष योजना के अंतर्गत बहुत ही सराहनीय कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि आगामी 13 दिसंबर को छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्षों का कार्यकाल पूर्ण हो जाएगा। हमारी सरकार ने दो वर्षों के कार्यकाल मोदी के गारंटी के तहत किए गए सभी वायदों को पूरा किया है। इसके अंतर्गत महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह माता-बहनों के खातों में 1000 रुपए की राशि अंतरित करने के अलावा 3100 रुपए की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी के अलावा तेंदूपत्ता संग्रहण हेतु 5500 रुपए मानक बोरा के हिसाब से दर का निर्धारण एवं तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए चरण पादुका वितरण जैसे अनेक जनकल्याणकारी योजना संचालित कर उनका सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा देश एवं राज्य के विकास में सबसे बड़ी बाधक लाल आंतक नक्सलवाद को मार्च 2026 तक समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा भी केंद्र सरकार साथ के साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य करते हुए छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से मुक्त करने की दिशा में अत्यंत ठोस एवं सार्थक कार्य किया जा रहा हैं। शीघ्र ही हमारा शांति प्रिय छत्तीसगढ़ राज्य नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। इसके पश्चात राज्य में विकास की अनवरत गंगा बाहाई जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने अंबागढ़ चौकी जिले वासियों एवं आदिवासी समाज कि लोगों को जनजाति गौरव सम्मान समारोह की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री साय ने जनजाति समाज के कल्याण एवं छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के योगदानों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी द्वारा जनजाति समाज की हितों की रक्षा एवं उनके उत्थान हेतु छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के अलावा पृथक से जनजातीय कार्य मंत्रालय का गठन भी किया गया। उन्होंने कहा कि आज जनजातीय कार्य विभाग का बजट हमारे राज्य के आधे बजट के बराबर है।

## शिक्षिका लक्ष्मी देवांगन नागपुर में सम्मानित




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 4 दिसम्बर।** महाराष्ट के नागपुर में प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा में शामिल होने गए छत्तीसगढ़ के 50 शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के दल द्वारा नागपुर में आयोजित अपूर्व विज्ञान मेला में अपनी सक्रिय सहभागिता बखूबी निभाई है। इस अवसर पर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम शिवपुरी की शिक्षिका लक्ष्मी देवांगन ने डोंगरगढ़ विकासखण्ड का नाम रोशन किया है। वे प्राथमिक शाला बधियाटोला संकुल-राका की प्रधान पाठक एवं संकुल -राका की संकुल समन्वयक ने डोंगरगढ़ ब्लाक का प्रतिनिधित्व किया। आयोजन के दौरान नेस्ट अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला एवं लखन साहू के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों से आए हुए विज्ञान संचारको के लिए नागपुर के महामेटो में साईस का स्पार्क कार्यक्रम के अंतर्गत जीरो माइल स्टोन से सत्र स्टाट कर लगातार 2 घंटे विज्ञान चर्चा सत्र आयोजित गया था। इस सत्र में विज्ञान, परियावरण, संरक्षण, शोध एवं नवाचार तकनीकी से जुड़े विस्तृत विचार विमर्श हुआ। इस गौरवमय अवसर पर मुख्य अतिथि केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सभी प्रतिभागी शिक्षकों एवं विज्ञान संचारको को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। मेरठ से आए दीपक शर्मा जो विजय साईस घर चलाते हैं उन्होंने सुश्री. लक्ष्मी देवांगन को नवाचारी शिक्षा देने के लिए बहुत बहुत सराहना किया गया।

### युवा रत्न सम्मान के लिए आवेदन 5 तक

**बलौदाबाजार, 4 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा कल्याण के विभिन्न क्षेत्र में किये गये अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिये सम्मानित करने और उनमें एक राष्ट्रीय कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से ''युवा रत्न सम्मान'' योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जारी की गई है। योजनांतर्गत व्यक्तियों, संगठनों के योगदान को प्रोत्साहित करने मान्यता देने एवं प्रतिष्ठा मंडित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान हेतु आवेदन 5 दिसम्बर 2025 तक आमंत्रित किये गए हैं। योजना अंतर्गत विभिन्न क्षेत्र जैसे साधारण एवं विशिष्ट सेवा कार्य हेतु 1 युवा एवं 1 स्वैच्छिक संगठन को छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान जिसमें क्रमशः 1 युवक को 2.5 लाख रूपये एवं 1 संगठन को 5लाख रूपये पुरस्कार राशि प्रदाय किया जाएगा। सामाजिक, साहित्य, उद्योग, शिक्षा, खेल, पर्यावरण क्षेत्र, युवा रत्न सम्मान (महिला एवं बाल विकास), युवा रत्न सम्मान (मीडिया), युवा रत्न सम्मान (स्वास्थ्य), युवा रत्न सम्मान (विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी), युवा रत्न सम्मान (दिव्यांजन), युवा रत्न सम्मान (कला एवं संगीत) एवं युवा रत्न सम्मान (लोककला) में सम्मान किया जाएगा जिसमें प्रत्येक क्षेत्र में 1 युवा को 1 लाख पुरस्कार राशि के साथ पदक, एक प्रमाण पत्र एवं शॉल प्रदान की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति एवं संगठन कार्यालयीन समय में कार्यालय वरिष्ठ खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण, कक्षा क्रमांक-24 प्रथम तल पुराना कलेक्टर भवन जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा में 5 दिसम्बर 2025 तक आवेदन जमा कर सकते हैं।अधिक जानकारी हेतु कार्यालय वरिष्ठ खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है तथा विभागीय पोर्टल https://sportsyw.cg.gov.in/cgsports/ के लिंक से जानकारी ले सकते है।

## देवार डेरा झोपड़ी में लगी आग, वृद्धा की मौत



**बलौदाबाजार, 4 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 4 दिसम्बर को प्रातः सूचना मिली कि ग्राम सुहेला में सुहेला-हथबंध मेन रोड के पास किनारे में निर्मित देवार डेरा झोपड़ी में एक वृद्ध महिला की जलने से मृत्यु हो गई है, कि सूचना पर थाना सुहेला पुलिस तत्काल घटना स्थल पहुंचा एवं पुलिस द्वारा जांच विवेचना कार्यवाही प्रारंभ किया गया- जिसमें प्रथम दृष्ट्या यह पाया गया कि रोड के किनारे मृत महिला द्वारा झिल्ली, डंगाल, पतले लकड़ी आदि से एक झोपड़ी का निर्माण किया गया था, जिसमें रात्रि में अलाव जलाकर वृद्ध महिला सो गई थी। उक्त अलाव से ही झोपड़ी के जल जाने, जिससे महिला की मृत्यु होना प्रतीत हो रहा है। मृत महिला का नाम आशा बाई उम्र 55 साल लगभग है तथा वह कबाड़ बीनने का काम करती थी। पुलिस द्वारा जांच एवं तस्दीक कार्रवाई जारी है।

## ठेकेदार के काम छोड़ने से डुंडेरा पीएमश्री स्कूल में 9 लाख का काम सात महीने से अधूरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 4 दिसम्बर।** ब्लॉक के ग्राम डुंडेरा के पीएमश्री स्कूल में निर्माणाधीन कार्यों में भारी लापरवाही और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। शासन ने स्कूल में - बाल वाटिका निर्माण के लिए 5 लाख रुपये और शौचालय निर्माण के लिए 4 लाख रुपये की स्वीकृति दी थी। कुल 9 लाख रुपये की राशि खर्च होने के बावजूद कार्य सात महीने से अधूरा पड़ा है। मामले का खुलासा तब हुआ जब पूर्व जनपद उपाध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा ने स्कूल पहुंचकर निरीक्षण किया। निर्माण स्थल पर न तो सूचना बोर्ड लगा था और न ही कोई मजदूर या ठेकेदार मौजूद थे। मौके पर बाल वाटिका और शौचालय दोनों के निर्माण कार्य अधूरे पड़े मिले। वर्मा ने तुरंत जनपद में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद जनपद पंचायत सीईओ भगवती साहू, मनरेगा इंजीनियर खिलेश्वरी निर्मलकर, सरपंच फिरतु चंद्रवंशी, सचिव नेहरू वर्मा, पंच आनंद राम वर्मा तथा



रोजगार सहायक परमेश्वर जोशी टीम सहित मौके पर पहुंचे और जांच की। जांच के दौरान पीडब्ल्यूडी के ईई से फोन पर बातचीत कर पता चला कि ठेकेदार काम छोड़कर चला गया है और अब नए ठेके के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। लेकिन सवाल यह है कि सात महीने तक विभाग हाथ पर हाथ धरे क्यों बैठा रहा? निर्माण कार्य अधूरा रहने से स्कूल प्रशासन और बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि शासन द्वारा पीएमश्री स्कूलों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करनें के लिए चयन किया गया है, ताकि प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा सके। लेकिन ठेकेदार और विभागीय अफसरों की उदासीनता के चलते पीएमश्री जैसे महत्वपूर्ण स्कूल में भी निर्माण कार्य को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो तथा निर्माण कार्य को तत्काल शुरू कराया जाएं, ताकि स्कूल बच्चे सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में पढ़ाई कर सकें।

■ ब्रह्माकुमारी माधुरी बहन की तृतीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा, सैकड़ों भाई-बहनों ने अर्पित किया श्रद्धा सुमन

# ब्रम्हा कुमारी माधुरी ने अंचल के गांव-गांव में जाकर ज्ञान योग की ज्योति प्रज्वलित की,सैकड़ों लोग हुए लाभान्वित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी, 4 दिसम्बर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के राजर्षि भवन की पूर्व संचालिका माधूरी बहन की तृतीय पुण्यतिथि पर गुरुवार को सेवा केंद्र में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। माधूरी बहन की आध्यात्मिक साधना, सेवा और संस्कारों के लिए समर्पित जीवन को याद करते हुए यहां उपस्थित साधकों ने उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम की शुरुआत दो मिनट के मौन धारण से हुई, जिसके बाद माधूरी बहन के तैलचित्र पर




पुष्पांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा में ईश्वरीय परिवार के सैकड़ों भाई-बहनों ने उनके दिखाए आध्यात्मिक मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया।

माधुरी दीदी ने अपने संपूर्ण जीवन को ईश्वरीय सेवाओं, मानवता और आध्यात्मिक के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने नगरी अंचल के गांवङ्गगांव जाकर ज्ञान-योग की ज्योति प्रज्वलित की, जिससे सैकड़ों लोग आध्यात्मिक रूप से लाभान्वित हुए। उनके मार्गदर्शन से अनेक परिवारों में शांति, सकारात्मकता और संस्कारों की स्थापना हुई। सेवा केंद्र के सदस्यों ने बताया कि माधूरी बहन के मार्गदर्शन में अनेक साधकों ने परमपिता परमात्मा शिव का साक्षात्कार प्राप्त कर जीवन में सकारात्मक बदलाव और नए मूल्य अपनाए। उन्होंने योग, ध्यान और नैतिक शिक्षा के माध्यम से समाज में आध्यात्मिक उन्नति को बढ़ावा दिया। ब्रह्माकुमारी परिवार की ओर से कहा गया कि माधूरी बहन न केवल एक कुशल संचालिका थीं, बल्कि आध्यात्मिक प्रेरणा एवं अनुशासन की मूरत थीं। उनके संस्कार और सेवा की भावना आज भी सभी साधकों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी भाई-बहनों ने माधूरी दीदी के आदर्शों को अपनाकर एक स्वच्छ, शांतिपूर्ण और संस्कारित समाज के निर्माण का प्रण लिया।

# बिचौलिये एक दाना अवैध धान उपार्जन केन्द्र में न लाने पाएं : कलेक्टर सोनी

- अवैध धान पर कड़ी निगरानी एवं किसानों से रकबा समर्पण कराने के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 4 दिसम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समिति प्रबंधको एवं ऑपरेटर की ऑनलाइन बैठक लेकर धान खरीदी से सम्बधित कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने अवैध धान पर कड़ी निगरानी रखते हुए जब्ती की कार्यवाही करने और किसानों से अतिरिक्त रकबे का समर्पण अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि समिति प्रबंधक बिचौलियों पर कड़ी नजर रखें और अवैध धान खापाने की मंशा को ध्वस्त करें। किसी भी उपार्जन केन्द्र में बिचौलिये का एक



भी दाना धान नहीं आना चाहिए। उन्होंने जिन उपार्जन केंद्रों में पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा धान खरीदी हुई है उन उपार्जन केंद्रों के समिति प्रबंधको से पूछ -ताछ कर जानकारी ली और सतर्कता बरतने के निर्देश दिये। उन्होंने ऑपरेटरो को निर्देशित किया कि प्रतिदिन उपार्जन केन्द्र में धान बेचने आने वाले किसानों का वाहन सहित फोटो खींचकर समय पर एप्प में अपलोड करना जरुरी हैं। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।सभी शासन के हित को ध्यान में रखकर कार्य करें। कलेक्टर ने बारिश से धान को भीगने से बचाने के लिये सभी उपार्जन केंद्रों में ड्रेनेज़, तिरपाल एवं कैप कवर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने उपार्जन केंद्रों में धान की उचित स्टैंकिंग, पर्याप्त बारदाना एवं हमालों का पारिश्रमिक भुगतान आदि की समीक्षा की।

## एक नजर

### दत्तात्रेय मंदिर में दत्त जन्म उत्सव 6 तक



**रायपुर, 6 दिसम्बर।** ब्रम्हपुरी, पुरानी बस्ती स्थित प्राचीनतम दत्तात्रेय मंदिर में 6 दिसम्बर तक मनाए जा रहे दस दिवसीय दत्तात्रेय जयंती महोत्सव के तहत आज दत्तात्रेय जन्म जयंती उत्सव मनाया गया। संध्या 6 बजे धर्म ध्वजा का आरोहण महंत राम सुंदर दास द्वारा पश्चात गुरु चरित पाठ, दत्त प्रभु जन्म अध्याय का पठन पं सुबोध मनोहर पाण्डे द्वारा जन्म उत्सव, छप्पन भोग, भव्य आतिशबाज़ी महा आरती, प्रसाद वितरण, रात्रि भजन संध्या मिले सुर मेरा तुम्हारा टीम महाराष्ट्र मंडल द्वारा सुरमयी भजन प्रस्तुत किया जावेगा। 5 दिसंबर शुक्रवार दौपहर ब्रम्हाण भोजन के बाद भोग प्रसाद महा भंडारा होगा जिसमें सात हज़ार श्रद्धालु भोजन प्रसादी ग्रहण करेंगे, 6 दिसम्बर अपरान्ह शहर की दर्जनों महिला भजन मंडलिया सामूहिक रुप से भजन गाने मंदिर आतीं हैं इनके बीच भजन गाने की होड़ रहती हैं।

### वित्त विभाग ने डिपाजिट का 33.94 करोड़ वापस मांगा

**रायपुर, 6 दिसम्बर।** सचिव वित्त मुकेश बंसल ने 21 जिला कलेक्टरों को एक पत्र भेजा है। इसमें 3 वर्ष से अधिक समय से निष्क्रिय के डिपाजिट खातों में जमा रकम शासन को वापस करने कहा है। जो कुल 33 करोड़, 94लाख, 33 हजार से अधिक है। कलेक्टरों ने यह राशि कई वर्ष से सिविल जमा में अंतरित करते हुए अपने पास जमा रखा हुआ है। इनमें राजधानी समेत 20 जिले शामिल हैं।

### वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण पर हुआ सम्मेलन

**रायपुर, 4 दिसम्बर।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (क्षेत्र संकार्य प्रभाग), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रति वर्ष वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण संचालित किया जाता है। औद्योगिक इकाइयों द्वारा वेब पोर्टल पर वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण विवरणी स्वयं कंपाईल करने के संबंध में प्रेरित करने हेतु राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर में एक दिवसीय गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अल्ताफहुसैन हाजी, उपमहानिदेशक, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, रायपुर ने की। इस अवसर पर सुश्री अग्रवाल सचिता राकेश, उप निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर, ऋषभ सिंह श्याम, सहायक निदेशक, बिलासपुर, प्रखर गुप्ता, सहायक निदेशक, अंबिकापुर, लोकेश चंद्रकांत जैन चेंबर उपाध्यक्ष भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अल्ताफहुसैन हाजी, उपमहानिदेशक, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, रायपुर ने वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा प्रति वर्ष यह सर्वेक्षण संचालित किया जाता है। इसके अतर्गत औद्योगिक इकाइयों से संदर्भ अवधि के दौरान पूंजी, टर्न ओवर, मूल्य वर्धन, ईंधन व कच्चा माल तथा इनपुट-आउटपुट आदि से संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़े संग्रहित किए जाते हैं। इसके अलावा रोजगार, कार्य दिवसों की संख्या एवं सामाजिक सुरक्षा लाभ संबंधी आंकड़े भी एकत्रित किए जाते हैं।

### कैट लगाएगा दिल्ली में स्वदेशी मेला

**रायपुर, 4 दिसम्बर।** व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, राम मंधान, वासु मखीजा, भरत जैन, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज आदि ने संयुक्त रूप से बताया कि भारत के घरेलू व्यापार, स्टार्ट-अप इकोसिस्टम, लघु उद्योगों, कारीगरों, एमएसएमई और मेड इन इंडिया उत्पादों को एक साथ राष्ट्रीय मंच पर लाने के लिए कन्फ़ेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने स्वदेशी जागरण मंच तथा देश के प्रमुख संगठनों के साथ मिलकर वर्ष 2026 के मई माह में नई दिल्ली के प्रगति मैदान में देश का अब तक का सबसे भव्य और सबसे बड़ा व्यापारिक आयोजन -स्वदेशी मेला- 2026 आयोजित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। गत 25 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित कैट की राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल की एक मीटिंग में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कैट को स्वदेशी मेला लगाने का सुझाव दिया था। कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी ने बताया कि यह मेला न केवल भारत के व्यापार, उद्योग और कारीगरी की शक्ति को प्रदर्शित करेगा, बल्कि मेड इन इंडिया उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने और भारतीय उद्यमशीलता को नए शिखर तक ले जाने का सबसे बड़ा मंच बनेगा।

### दंगा पीड़ित सिक्खों को मुआवजा दिया जाये

**रायपुर, 4 दिसम्बर।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप चावला ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र प्रेषित कर कहा है कि छ.ग. की शिक्षित बेरोजगार युवतियों को यू.पी. सरकार की तरह 5 लाख ब्याजमुक्त लोन रोजगार के लिए दिया जाये। यू.पी. सरकार, यू.पी. की शिक्षित युवतियों को 5 लाख रू. ब्याज मुक्त ऋण दे रही है तथा बैंक गारंटी भी यू.पी. सरकार दे रही है। 84 के दंगा पीड़ित सिक्खो को 2 लाख से 5 लाख तक मुआवजा दिया जाये । हरियाणा सरकार ने 84 के दंगा पीड़ित परिवारों की जिनकी दंगे में मृत्यु हो गई थीं, उनके परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दे रही है उसी तर्ज पर रायपुर के सिक्ख परिवारों को 84 के दंगो में जिनकी दुकाने लूट ली गई थी, उनके नुकसान के अनुसार 2 लाख से 5 लाख तक मुआवजा दिया जाये ताकि उन सिक्ख परिवारों के जख्मों पर मरहम लगाया जा सकें।

# भाजपा ने झूठ बोलकर सत्ता हासिल की : बैज

**रायपुर, 4 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दो साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि बीजेपी ने झूठ बोलकर सत्ता हासिल की. आज चुनाव हो जाए तो इनका जनाधार खत्म हो जाएगा.

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मीडिया से चर्चा में साय सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि 2 साल में कितने युवाओं को नौकरी मिली, सरकार जवाब दे. किसानों का रकबा कटा, वादों के विपरीत किसानों के साथ धोखा हुआ. 5 लाख महिलाओं के नाम महतारी वंदन योजना से काटे गए. संविदा कर्मियों का नियमितीकरण नहीं किया गया, कर्मचारी आंदोलनरत हैं.

बिजली बिल पर साय कैबिनेट में लिए गए फैसले कहा कि साय मंत्रिमंडल की बैठक में 200 यूनिट तक बिजली बिल हॉफसिर्फएक साल के लिए किया, जिसके साथ में शर्तें भी लागू कर दी गई हैं. 400 यूनिट खपत पर योजना का लाभ नहीं मिलेगा, जबकि कांग्रेस सरकार में 400 यूनिट तक हॉफ का फायदा मिलता था.



हमारी मांग है कि 400 यूनिट तक हॉफ योजना बहाल की जाए.

वहीं एसआईआर को लेकर बैज ने कहा कि एसआईआर में 22 लाख मतदाताओं की जानकारी नहीं, मतलब वे सूची से बाहर हो सकते हैं. एसआईआर अभी तक पूरा नहीं हुआ है स्थिति चिंताजनक है. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के अनेक मजदूर दूसरे राज्यों में पलायन कर चुके हैं. पलायन करने वाले मजदूर एसआईआर से बाहर तो नहीं हुए? चुनाव आयोग को 3 महीने का समय देना चाहिए. छत्तीसगढ़ में अभी चुनाव तो नहीं है. कोल माइंस को लेकर पुलिस और ग्रामीणों में झड़प मामले में पीसीसी चीफबैज ने कहा कि दोनों पक्षों को नुकसान हुआ है, सरकार अपने चहेते उद्योगपतियों को कोल माइंस दे रही है. ग्रामीणों में दहशत फैलाई जा रही, उनके हठधर्मिता से तनाव बढ़ रहा है.

वहीं मनेंद्रगढ़ में आदिवासियों के घर तोड़ने पर कहा कि मनेंद्रगढ़ के रतनपुर पंचायत में बैगा परिवारों के घर तोड़े गए, बैगा आदिवासी राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र हैं, उनके पास वन अधिकार पट्टा है, फिर भी घर तोड़े गए. मंत्री के करीबी का मकान बचा है, कांग्रेस उनके साथ खड़ी हैं, कांग्रेस इस पर जल्द जिलास्तरीय प्रदर्शन करेगी.

जमीन की गाइडलाइन दर बढ़ाने को लेकर पीसीसी चीफने कहा कि किसके फायदे के लिए गाइडलाइन दर बढ़ाया गया? दो साल में जुटाई ब्लैक मनी को सफेद करने का प्रयास करेंगे. लेकिन मजदूर, किसान, गरीब जमीन कैसे खरीद पाएंगे? उन्होंने बृजमोहन अग्रवाल के पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने लिखकर विरोध किया. सरकार स्पष्ट करे. यह निर्णय जनहित में है या नहीं? इस निर्णय को तत्काल वापस लिया जाए. मुद्दे पर कांग्रेस प्रदेश में बड़े आंदोलन की तैयारी में है.

### ट्रक में लोहे की छड़ के नीचे छिपाकर रखा था

# सड़क हादसे से गांजा तस्करी का हुआ खुलासा, चालक फरार



**रायपुर, 4 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में देर रात हुए एक सड़क हादसे ने पुलिस को चौंका दिया। ग्राम बैजी के पास रायपुर से प्रयागराज की ओर जा रहा लोहे की छड़ों से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। शुरुआत में यह एक सामान्य दुर्घटना लग रही थी, लेकिन जब पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू हुई, तो मामला नशीले पदार्थों की बड़ी तस्करी में बदल गया।

मौके की जांच के दौरान पुलिस को ट्रक की केबिन और अंदरूनी हिस्सों में भारी मात्रा में गांजा छिपा हुआ मिला। तस्करों ने गांजे को लोहे की छड़ों के नीचे और केबिन में बेहद चालाकी से छिपाकर रखा था, जिससे यह साफ हो गया कि छड़ की आड़ में नशे की खेप को एक राज्य से दूसरे राज्य ले जाया जा रहा था।

हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। घटनास्थल पर पुलिस जेसीबी और मजदूरों की मदद से ट्रक से छड़ें हटवाकर गांजे की पूरी खेप निकालने में जुटी है। जब्त की गई सामग्री की कुल मात्रा और मूल्य का आकलन किया जा रहा है।

पुलिस का मानना है कि यह संगठित तस्करी गिरोह का काम हो सकता है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और फरार चालक समेत पूरे नेटवर्क का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

# दो बेटियों की मां की कहानी 'त्रिशक्ति' का विमोचन

**रायपुर, 4 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ की अग्रणी महिला संस्था स्वयंसिद्धा के वार्षिक उत्सव के अवसर पर उपन्यास त्रिशक्ति का भिलाई में विमोचन हुआ। पुस्तक की लेखिका रायपुर की शीलू लुनिया है। इस बार इस उत्सव का थीम था छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती एवं वंदे मातरम के 150 वर्ष।




कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ऋचा ठाकुर, विशिष्ट अतिथि फाउंडेशन प्ले स्कूल की प्राचार्य योगिता चावड़ा थीं। अध्यक्षता ज्योतिष एवं रिलेशनशिप काउंसलर प्रज्ञा त्रिवेदी ने की। संस्था की निदेशक डॉ. सोनाली चक्रवर्ती ने बताया की विवाहित महिलाओं की प्रतिभा को मंच और सम्मान देने के लिए यह संस्था गत 20 वर्षों से प्रयासरत है। यह हमारा 15वां वार्षिक उत्सव है जिसमें दो बेटियों की गर्वित माँओं पर आधारित किताब का विमोचन होना गौरव की बात है जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

# अर्पण ने मनाया विश्व दिव्यांग दिवस

## ऐसे बच्चों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची आराधना

**रायपुर, 4 दिसम्बर।** बजाज कालोनी सेक्टर 1 न्यू राजेन्द्र नगर में अर्पण कल्याण समिति द्वारा संचालित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में विश्व दिव्यांग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के मूक-बधिर बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। श्रवण शक्ति नहीं होने के बाद भी संगीत की धुन पर बच्चों के नृत्य ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व महापौर व सभापति प्रमोद दुबे ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वो दिन अब हवा हो गए जब दिव्यांग बच्चे उपेक्षा के शिकार हुआ करते थे। आज ये बच्चे पूरी दुनिया को अपने



हुनर का कमाल दिखा रहे हैं। संस्था के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने बताया कि हम इन बच्चों को हुनर का भी प्रशिक्षण दे रहे है। स्कूल में कम्प्यूटर, चित्रकला, मूर्तिकला, नृत्य, खेल आदि सिखाए जाते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नवीन बागरेचा ने संस्था को बच्चों के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिलाते हुए कहा कि ऐसे बच्चों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची पूजा है। विशेष अतिथि लाइफ स्टाइल कोच असीम सहगल ने स्कूल के दो बच्चों को गोद लेने की घोषणा की। विशेष अतिथि डॉ. नीतू वर्मा ने कहा कि इन बच्चों के बीच आकर असीम शांति मिलती है। डॉ. वर्मा ने बच्चों की जरूरतों का ध्यान रखने का यकीन दिलाया।

इस अवसर पर समाज सेवी ध्रुव अग्रवाल, प्राचार्य कमलेश शुक्ला उपस्थित थे। कार्यक्रम में सेन समाज के अध्यक्ष मनोज सेन का सम्मान किया गया। सेन एसोसिएशन समय-समय पर स्कूल आकर बच्चों का बाल काटता है। इस अवसर पर बच्चों को उपहार दिए गए। कार्यकम का संचालन स्कूल की समन्वयक श्रीमती सीमा छाबड़ा ने किया।

### 50 प्रतिशत मतदाताओं का एसआईआर नहीं हुआ : कांग्रेस

**रायपुर, 4 दिसम्बर।** चुनाव आयोग का दावा है कि एसआईआर प्रक्रिया में 22 लाख मतदाता लापता है इनके बारे में कोई जानकारी नहीं है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि चुनाव आयोग ने इन मतदाताओं के नाम को डी केटेगरी में रखा गया है और जनवरी तक का समय दिया गया है वे अपने होने का दस्तावेज प्रस्तुत करे। 50 प्रतिशत मतदाताओं का भी एसआईआर नहीं हुआ फिर 22 लाख कैसे लापता हो गये? 22 लाख मतदाता नहीं मिल रहे, मतलब चुनाव आयोग के बीएलओ इन 22 लाख मतदाता के पास पहुंच ही नहीं पाये। चुनाव आयोग जो एसआईआर करवा रहा है वो एसआईआर पूरी गंभीरता से नहीं हो रहा है। निर्वाचन आयोग ने एसआईआर शुरू करने में सार्वजनिक तौर पर कहा था कि बीएलओ हर घर में तीन-तीन बार जायेंगे, अब तक बीएलओ हर नागरिक के घर नहीं पहुंचे है। बीएलओ एक ही जगह से सभी फार्म पहुंचा रहे है, जो नहीं मिल रहा। उनके बारे में कोई भी पतेसाजी नहीं की जा रही है। सत्ता के दबाव में उच्च अधिकारी बीएलओ के पसर्नल मोबाईल पर मैसेज भेजकर मतदाता सुची में नाम काटने जोड़ने का दबाव बना रहे है। आयोग के द्वारा बीएलओ के उपर अनुचित दबाव डाला जा रहा है, जल्दी प्रक्रिया पूरी करें। आयोग दावा करता है कि 97 प्रतिशत लोगो तक फार्म पहुंच गया है तो 22 लाख मतदाता कैसे लापताई है उनके बारे में आपको जानकारी क्यों नहीं है? प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ की बड़ी संख्या में लोग रोजी रोटी के लिये उत्तर प्रदेश, जम्मू कश्मीर, पंजाब, असम जाते है और दूसरे राज्य में जाते है, क्योकि यहां मनरेगा को अघोषित रूप से बंद कर दिया गया है। एसआईआर प्रक्रिया सिर्फ1 महिने के लिये चालू किया है। केई मजदूर अपने रोजी रोटी छोड़ के एसआईआर कराने वापस तो आयेगा नहीं, इतनी जागरूकता उनके अंदर नहीं है। एसआईआर नहीं कराने दुष्प्रभाव के बारे में उनको कोई जानकारी नहीं है।

# मंडी और कृषक कल्याण शुल्क में छूट के लिए चेंबर कृषि मंत्री से मिला

**रायपुर, 4 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में चेम्बर प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम से सौजन्य मुलाकात कर दो महत्वपूर्ण विषयों पर ज्ञापन सौंपे। चेम्बर प्रतिनिधि मंडल ने मंडी शुल्क, कृषक कल्याण शुल्क में छूट एवं कृषि उपज आधारित खाद्य प्रसंस्करण मुरमुरा उद्योग को राहत देने की मांग की गई। छत्तीसगढ़ चेम्बर अध्यक्ष सतीश थौरानी जी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में प्रसंस्करण उद्योग से लगभग 50, 000 से अधिक स्थानीय श्रमिक एवं किसानों की आजीविका से सीधे जुड़ा है। यदि शुल्क में राहत नहीं दी गई तो उद्योगों पर आर्थिक दबाव बढ़ेगा और रोजगार प्रभावित होगा। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने आगे कहा कि हमने इस दौरान प्रस्तुत स्मरण पत्र में विशेष



रूप से मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क में ट्रेडर्स और प्रसंस्करण उद्योगों को छूट, कृषि उपज धान आधारित खाद्य प्रसंस्करण एव किसान एवं दलहन-तिलहन व्यापार से जुड़े उद्योगों को शुल्क में छूट देकर राहत प्रदान करने का आग्रह किया। हमने मंत्री जी से निवेदन किया है कि अधिसूचना 13 मार्च 2024 को जारी कर शुल्क छूट प्रदान की जाए, जिससे प्रदेश के किसान, व्यापार और उद्योगों को राहत मिल सके। चेम्बर ने आशा व्यक्त की है कि माननीय मंत्री जी सकारात्मक निर्णय लेकर प्रदेश के कृषक, व्यापारी एवं उद्यमी वर्ग को राहत प्रदान करेंगे।

### प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा: दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया 8 से

**रायपुर, 4 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा 2023 के चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज़ों के सत्यापन की प्रक्रिया 8 से 12 दिसंबर तक चलेगी. सत्यापन का कार्य विज्ञान महाविद्यालय परिसर, रायपुर स्थित क्षेत्रीय अपर संचालक (रूसा) कार्यालय में प्रतिदिन सुबह 10.30 से शाम 5.30 बजे तक दो पालियों में संपन्न होगा. आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग डॉ. संतोष देवांगन ने बताया कि 430 पदों के विरुद्ध तीन गुना अभ्यर्थियों को दस्तावेजों के सत्यापन के लिए बुलाया गया है. इसमें सामान्य वर्ग के कुल 538 जिसमें महिला 164 तथा 374 पुरुष, अन्य पिछड़ा वर्ग के 190 में से महिला 56 और 134 पुरुष, अनुसूचित जाति वर्ग के 159 में से महिला 46 और 113 पुरुष तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के 419 में से महिला 123 और 296 पुरुष शामिल होंगे. इसी तरह दिव्यांग वर्ग के 91, भूतपूर्व सैनिक के 206 अभ्यर्थी दस्तावेजों के सत्यापन में शामिल होंगे. उच्च शिक्षा विभाग ने दस्तावेजों के सत्यापन कार्य को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए कुल आठ समितियाँ बनाई हैं. प्रत्येक समिति में प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक तथा वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं. सभी समितियाँ 08 से 12 दिसंबर 2025 तक प्रतिदिन निर्धारित समय में अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेज़ों का परीक्षण करेंगी.

### ट्रक की टक्कर से एक मजदूर की मौत

**रायपुर, 4 दिसम्बर।** तेज रफ्तार ट्रक ने दो मजदूरों की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में एक की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना मंदिर हसौद थाना क्षेत्र रिंग रोड नंबर 3 मोड़ के पास की है। जानकारी के मुताबिक, देवराज राऊत अपने चाचा सनत राऊत के साथ ग्राम शारदापुर, थाना बेलटुकरी, जिला नुआपाड़ा (ओडिशा) से बाइक पर कुम्हारी (सिलतरा) काम पर जा रहे थे। मंदिर हसौद के पास रोड क्रॉस करते समय रायपुर की ओर से आ रही ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिर पड़े। देवराज को कंधे और पैर में चोटें आईं, जबकि सनत राऊत के गाल और गर्दन पर गंभीर चोट लगने से उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और सूचना मिलते ही एम्बुलेंस पहुंची। दोनों को पीएचसी मंदिर हसौद ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सनत राऊत को मृत घोषित कर दिया। जबकि देवराज का इला जारी है। पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर वाहन को जब्त कर लिया है। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और जांच जारी है।

**कार्यक्रम** | महिला विंग ने किया स्वावलंबी महिला प्रशिक्षण का आयोजन

# ब्यूटीशियन कोर्स कैरियर बनाने का शानदार मौका: मधु

**रायपुर, 4 दिसम्बर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) महिला विंग के प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा, महिला प्रदेश महामंत्री श्रीमती पिंकी अग्रवाल एवं महिला प्रदेश कोषाध्यक्ष श्रीमती प्रेरणा भट्ट ने बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से टीचिंग, मेहंदी आर्ट और ब्यूटी केयर की विशेष क्लासेस शुरू की जा रही हैं। इन क्लासेस के माध्यम से महिलाएँ अपने हुनर को निखारकर स्वयं का काम शुरू कर सकती हैं और घर बैठे सम्मानजनक आय अर्जित कर सकती हैं।



कैट महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा ने बताया कि आज के समय में सुंदरता और ग्रूमिंग का महत्व बहुत बढ़ गया है। ऐसे में ब्यूटीशियन कोर्स युवाओं, खासकर लड़कियों के लिए एक बेहतरीन करियर विकल्प बन गया है। अगर आपको मेकअप, हेयर स्टाइलिंग, स्किन केयर या नेल आर्ट में रुचि है, तो ब्यूटीशियन कोर्स आपके लिए एक शानदार शुरुआत हो सकता है। ब्यूटीशियन कोर्स एक व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसमें आपको स्किन केयर, हेयर केयर, मेकअप, नेल आर्ट, फेशियल, पेडीक्योर, मेनिक्योर, ब्लीचिंग, थ्रेडिंग, वैक्सिंग, ब्राइडल मेकअप आदि की पूरी जानकारी और प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी जाती है। इस कोर्स में बेसिक से लेकर एडवांस लेवल तक की तकनीकें सिखाई जाती हैं।

हर महिला को कौशल प्रदान करके स्वावलंबी बनाना, आत्मविश्वास बढ़ाना और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना। शुरुआत में ब्यूटीशियन को 10,000 - 25,000 प्रति माह तक सैलरी मिल सकती है। अनुभव बढ़ने के साथ, कमाई भी बढ़ती है। खुद का ब्यूटी पार्लर खोलने पर कमाई की कोई सीमा नहीं होती। शालू फेमिना ब्यूटी पार्लर, श्याम नगर, जलविहार कॉलोनी, रायपुर छत्तीसगढ़ में 20 सालों से इस फील्ड में काम कर रही है। उपरोक्त कार्यक्रम में कैट महिला विंग के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### गाइडलाइन दर बढ़ोतरी से अर्थव्यवस्था चरमराएगी : बृजमोहन अग्रवाल

**रायपुर, 4 दिसंबर।** रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने एक बार फिर जमीन की गाइडलाइन दरों में हुई बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस फैसले का सीधा असर राज्य की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा और छत्तीसगढ़ की आर्थिक स्थिति ÷चरमरा÷ सकती है।

मीडिया से चर्चा के दौरान अग्रवाल ने कहा कि गाइडलाइन दरों में बढ़ोतरी करने से पहले व्यापक स्तर पर विचार-विमर्श होना चाहिए था, लेकिन बिना किसी सार्वजनिक चर्चा या हितधारकों की राय लिए अफसरों के सुझाव पर सीधे दरें बढ़ा दी गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसा प्रतीत होता है कि इस महत्वपूर्ण फैसले पर मुख्यमंत्री से भी ठीक से चर्चा नहीं की गई। अग्रवाल ने कहा कि गाइडलाइन दरों में अचानक हुई वृद्धि से आम



नागरिक, कारोबारी और रियल एस्टेट सेक्टर सभी प्रभावित होंगे। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि सरकार गाइडलाइन दरों में बदलाव करना ही चाहती है, तो यह निर्णय नए वित्तीय वर्ष से लागू किया जाना चाहिए, ताकि लोगों को तैयार होने का समय मिल सके। सांसद ने मांग करते हुए कहा कि मौजूदा बढ़ोतरी को तत्काल वापस लिया जाए, अन्यथा इसके गंभीर आर्थिक परिणाम देखने पड़ेंगे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26